www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

टोंक, जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित

# बढ़ता राजस्थान

/// कदम बढ़ाएं, सच के साथ



















# राजस्थान बजट 2024-25

## वित्त मंत्री दिया कुमारी ने पेश किया

# प्रदेश के विकास का बजट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भजनलाल सरकार का पहला फुल बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में 2 घंटे 51 मिनट लंबा भाषण दिया। अपने पहले बजट भाषण में दीया कुमारी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं।

सरकार आने वाले 5 साल में 4 लाख से ज्यादा नई नौकरी देगी। वहीं, पंचायत के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। एससी-एसटी वर्ग में आने वाले सरकारी कर्मचारियों को सस्ता लोन भी दिया जाएगा।

सेल्फ हेल्प ग्रुप के साथ काम करने वाली महिलाओं को भी सरकार कम ब्याज में लोन देगी, जबकि राजस्थान के स्कूली स्टूडेंट का मेरिट में आने पर टैबलेट और फ्री इंटरनेट की भी घोषणा की गई है।

बजट में हेल्थ और पुलिस विभाग में करीब 9 हजार नए पद भी सृजित करने की घोषणा की गई है। शहरी विकास के लिए बजट में 1300 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। राजस्थान में 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की घोषणा को एक बड़े डेवलपमेंट के तौर पर देखा जा रहा है। बजट भाषण के दौरान विपक्ष ने कई बार हंगामा भी किया। कांग्रेसी विधायकों ने कहा कि बजट की घोषणाएं पुरानी हैं, जो उनकी सरकार ने की थी। अब इन्हें रिपीट किया जा रहा है।

## हर साल 1 लाख नौकरी, बच्चों को फ्री टैबलेट-इंटरनेट मिलेगा

## राजस्थान में सस्ती होगी सीएनजी; पंचायत चुनाव एक साथ होंगे, कर्मचारियों-महिलाओं को सस्ता लोन मिलेगा

### स्वास्थ्य : 4000 नर्सिंगकर्मियों के नए पद सृजित

- 27 हजार करोड़ का रुपए का प्रावधान स्वास्थ्य के लिए किया गया। यह पूरे बजट का 8 .26 प्रतिशत है।
- आयुष्मान भारत योजना की तरह मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) योजना शुरू होगी। आईपीडी के साथ डे केयर पैकेज जुड़ेगा। शिशुओं और छोटे बच्चों के इलाज के लिए नए पैकेज जोड़े जाएंगे।
- छोटे स्थानों पर प्राइवेट हॉस्पिटल के इंपैनलमेंट के नियमों में रियायत दी जाएगी।
- गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के लिए मां योजना के तहत वाउचर दिया जाएगा।
- हर विधानसभा क्षेत्र में एक आयुष्मान मॉडल सीएचसी शुरू होगा। यहां मॉर्च्युरी बनाई जाएगी।
- अस्पतालों के लिए मां हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू होगा। इसके तहत 15 हजार करोड़ के काम करवाए जाएंगे।
- 1500 डॉक्टरों और 4000 नर्सिंगकर्मियों के नए पद सृजित होंगे।
- राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन की शुरुआत होगी। प्रदेशवासियों का पीएचसी स्तर पर ई-हेल्थ रिकॉर्ड बनेगा।

### खेल : महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनेगी

- 250 करोड़ रुपए से महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनेगी।
- संभागीय स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनेंगे। 50-50 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट स्कीम लागू होगी। प्रत्येक जिले में प्रचलित खेलों की एकेडमी स्थापित होगी।
- खेल आधुनिकीकरण मिशन बनेगा। 475 करोड़ की बजट राशि दोगुना होगी।
- पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस योजना शुरू होगी, 25 लाख का कवर मिलेगा।
- उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने के लिए एसएमएस स्टेडियम में फिटनेस कैंप खोला जाएगा।
- ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम और खेल मैदान बनाए जाएंगे। पहले चरण में 10 हजार से अधिक आबादी वाली पंचायतों में यह सुविधा विकसित की जाएगी।
- खेलो इंडिया की तर्ज पर ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर पर खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन हर साल होगा। इसके लिए हर साल 50 करोड़ खर्च होंगे।

### टैक्स : स्टांप ड्यूटी में किसानों को फायदा

- स्टांप ड्यूटी माफ होगी। कृषि बिजली कनेक्शन के एग्रीमेंट। एप्रेंटिसशिप के दस्तावेज।
- संयुक्त स्वामित्व के अधीन गैर-कृषि भूमि पर स्टांप ड्यूटी 6 प्रतिशत से 2 प्रतिशत की गई।
- शहीद को मिलने वाले घर-फ्लैट पर पंजीयन शुल्क पूरा माफ होगा।
- अधिक जनसंख्याभार वाले क्षेत्र में भार कम करने के लिए ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स की प्रक्रिया में स्टांप ड्यूटी पूरी तरह माफ होगी, इसके विक्रय पर स्टांप ड्यूटी 5 प्रतिशत से 2 प्रतिशत।
- हाउसिंग लोन के डेट असाइनमेंट पर स्टांप ड्यूटी की अधिकतम सीमा 15 लाख से घटाकर 1 लाख की गई। पंजीयन शुल्क की अधिकतम सीमा 25 हजार रुपए होगी।

### शिक्षा : स्कूल स्टूडेंट को मुफ्त में टैबलेट और इंटरनेट

- राजस्थान सरकार ने विवि के कुलपतियों का नाम अब बदल दिया है। अब कुलपति को कुलगुरु कहा जाएगा।
- प्रदेश में भरतपुर, बीकानेर और अजमेर के इंजीनियर कॉलेज को राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पर 300 करोड़ खर्च होंगे।
- स्कूलों में 350 करोड़ की लागत से लाइब्रेरी और टॉयलेट सहित बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा।
- प्रदेश में 20 नए आईटीआई खुलेंगे। 8वीं, 10वीं, 12वीं में मेरिट में आने वाले स्टूडेंट्स को टैबलेट मिलेंगे। इंटरनेट कनेक्शन मुफ्त मिलेगा।
- सभी अनुदानित हॉस्टल में मेस भत्ता 2500 से बढ़ाकर 3000 रुपए करने की घोषणा। खिलाड़ियों का मेस भत्ता बढ़ाकर 4000 रुपए करने की घोषणा।



### महिला एवं बाल विकास : 15 लाख महिलाएं बनेंगी लखपति दीदी

- हर विधानसभा में 5 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाएंगे।
- आदिवासी समुदाय के बच्चों के लिए 250 नई मां बाड़ी खोली जाएगी।
- आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को 3 दिन दूध दिया जाएगा। दूध पाउडर के लिए 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- जिला स्तर पर कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनेंगे। 35 करोड़ खर्च होंगे।
- बालिकाओं को पुलिस-सैनिक में भर्ती दिलाने के लिए संभागों में बालिका सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा।
- 15 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा।
- सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं को 2 .5 फीसदी सालाना ब्याज दर पर कर्ज देने की घोषणा।

## पर्यटन, कला एवं संस्कृतिः 5 हजार करोड़ से होगा विकास

- राजस्थान में 20 लाख परिवार पर्यटन क्षेत्र से रोजगार लेते हैं। नई पर्यटन नीति लाई जाएगी।
- पर्यटन विकास बोर्ड बनेगा। इस कार्यकाल में 5 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के पर्यटन के विकास का काम करवाया जाएगा। इस फंड के माध्यम से हेरिटेज, रिलिजियस, इको टूरिज्म विकास के काम किए जाएंगे। 20 पर्यटन स्थलों पर 200 करोड़ के काम करवाए जाएंगे।
- राजस्थान हेरिटेज कंवर्जेशन बोर्ड बनेगा, यह बोर्ड पुरातात्विक स्थानों और हेरिटेज स्थलों का विकास करेगा।
- जयपुर के परकोटे क्षेत्र व स्मारको को जयपुर वॉल सिटी हेरिटेज डेवलपमेंट प्लान बनेगा। 100 करोड़ खर्च करेंगे।
- दिल्ली के भारत मंडपम की तर्ज पर राजस्थान मंडपम तैयार किया जाएगा।
- झीलों के विकास के लिए फेज मैनर में काम हरेगा, जैसलमेर में ओपन रॉक म्यूजियम बनेगा।
- वेडिंग डेस्टिनेशन के प्रमुख स्थानों का विकास करने के लिए अलग से प्रोग्राम बनेगा।
- आमेर, नाहरगढ़, जयगढ़, बिजासन माता, जोगी महल, बूंदी, बांसवाड़ा, छत्रउ मोरी में रोप वे बनेगा। डीपीआर बनाई जाएगी।
- काशी विश्वनाथ की तरह खाटू श्याम जी मंदिर का कॉरिडोर बनेगा। इसमें करीब 100 करोड़ का खर्च आएगा।
- पांडुपोल, अलवर और त्रिनेत्र गणेश, रणथंभौर में ईवी व्हीकल चलेंगे।
- वेडिंग डेस्टिनेशन के प्रमुख स्थानों का विकास करने के लिए अलग से प्रोग्राम बनेगा।
- आमेर, नाहरगढ़, जयगढ़, बिजासन माता, जोगी महल, बूंदी, बांसवाड़ा, छत्रउ मोरी में रोप वे बनेगा।



## दीया बोलीं-युवाओं की बात कर रही हूं, वो तो सुन लीजिए

### स्पीकर ने धारीवाल से कहा- आप बीमार हो बैठिए; विपक्ष के नेता चुप बैठे, आप नेतागिरी कर रहे

वित्त मंत्री दीया कुमारी ने भजनलाल राजस्थान का पहला फुल बजट पेश किया। दीया ने बजट घोषणा के दौरान स्वामी विवेकानंद, भीमराव अंबेडकर, विनोबा भावे, संत हरिदास, निदा फाजली और एमएस स्वामीनाथन की पंक्तियां भी कहीं। युवाओं के लिए घोषणा करते हुए जब विपक्ष हंगामा करने लगा, तब दीया कुमारी ने कहा- युवाओं के भविष्य की बात कर रही हूं, वो तो सुन लीजिए।

### बजट भाषण के दौरान दीया कुमारी ने सबसे पहले निदा फाजली का शेर पढ़ा

**सफर में धूप तो होगी जो चल सको तो चलो,**<br>
**सभी हैं भीड़ में तुम भी निकल सको तो चलो,**<br>
**किसी के वास्ते राहें कहां बदलती हैं,**<br>
**तुम अपने आप को खुद ही बदल सको तो चलो,**

### दीया कुमारी पेज पलटने लगी तो हुआ हंगामा

बजट घोषणाओं के दौरान जब दीया कुमारी पेज पलटकर आगे बढ़ाने लगी तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा- बहुत लंबी सूची है। इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत भाजपा विधायकों ने मेज थपथपाकर समर्थन किया। इसके बाद भी दीया पन्ने पलटती रहीं। विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा- अभी आपको भी बहुत कुछ मिलेगा। बहुत कुछ मिल रहा है। फिर दीया कुमारी ने कहा ये तो सुनिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके बाद विपक्ष के सदस्य चुप हुए।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की पंक्तियां कहीं

वित्त मंत्री ने औद्योगिक विकास का जिक्र करते हुए संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की पंक्तियां कहीं। उन्होंने कहा- आर्थिक उन्नति और सामाजिक उत्थान की पूंजी औद्योगीकरण में है। औद्योगिक विकास बढ़ाने से हम रोजगार दे सकते हैं, गरीबी कम कर सकते हैं और जीवन स्तर को ऊंचा कर सकते हैं।

### स्वामी विवेकानंद को कोट किया

स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए दीया कुमारी ने कहा- बहादुर, स्पष्टवादी, साफ दिल वाला, साहसी और महत्वाकांक्षी युवा ही एकमात्र नींव है। जिस पर भविष्य के राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। दीया कुमारी ने सदन में कहा- हमारी सरकार के कार्यकाल में अब तक 20 हजार युवाओं को प्रदेश में नियुक्ति दी जा चुकी है। इसके बाद विपक्ष ने विरोध शुरू कर दिया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को शांत रहने के लिए कहा, लेकिन विपक्ष के सदस्य शांत नहीं हुए। दीया कुमारी ने कहा- युवाओं के भविष्य की बात कर रही हूं, वो तो सुन लीजिए।

### विधानसभा अध्यक्ष बोले- आज नहीं, कल चर्चा करेंगे

हॉस्टल में रहने वाले युवाओं के मैस भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा के बाद विपक्ष ने एक बार फिर हंगामा शुरू कर दिया था। इस पर वित्त मंत्री शांत हो गई। हालांकि विपक्ष हंगामा करता रहा। इसे देख विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उन्हें टोकते हुए दीया कुमारी को फिर से बजट भाषण पढ़ने के लिया कहा। जब विरोध खत्म नहीं हुआ तो स्पीकर ने कांग्रेस विधायकों से कहा- आज नहीं, कल चर्चा करेंगे।

### देवनानी ने धारीवाल से कहा- आप बीमार हो बैठो

ज्योतिष और वास्तु विद्या से जुड़ी बजट घोषणा के दौरान विपक्ष ने फिर हंगामा शुरू कर दिया। विरोध बढ़ने पर स्पीकर ने कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल को टोकते हुए कहा- आप कुछ तो गरिमा रखो। आप बीमार हो बैठो, इधर भी यही करते थे, उधर भी यही कर रहे हो। इस पर कांग्रेसी विधायकों ने विरोध शुरू कर दिया। देवनानी ने कांग्रेसी विधायकों को टोकते हुए कहा- बजट के बीच में कोई भी व्यवधान नहीं करें। जब कांग्रेस विधायक शांत नहीं हुए तो देवनानी ने कहा- विपक्ष के नेता चुप चाप बैठे हैं। आप बिना इनकी अनुमति के नेतागिरी कर रहे हो।

### भारत रत्न विनोबा भावे को याद किया

बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने भारत रत्न विनोबा भावे को याद करते हुए कहा - वास्तविक उन्नति तभी की जा सकती है, जब उसका लाभ सभी को प्राप्त हो, न की कुछ तक ही सीमित रहे। इसी विचार को सरकार का केंद्र बिंदु बनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा है कि आज की सरकार का ध्येय है, नेशन फर्स्ट, सिटीजन फर्स्ट। आज की सरकार की प्राथमिकता है, वंचितों को वरीयता।

### स्पीकर ने विपक्ष से कहा- आपके नीचे स्प्रिंग लगी है क्या

प्रधानमंत्री आर्थिक योजना के तहत कमजोर वर्ग के लाभार्थियों की बजट घोषणा के दौरान विपक्ष में एक बार फिर हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ने उन्हें टोकते हुए कहा कि क्या आप लोगों के नीचे स्प्रिंग लगी हुई है। चुप बैठो, इससे आपका कुछ नहीं होगा, पहले पूरा तो सुनो। इस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मुस्कुराने लगे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को टोकते हुए कहा- डोटासरा मैं आपको अंतिम चेतावनी दे रहा हूं। आप डिस्टर्ब नहीं करेंगे, कल परसों जब भी बोलना है, तब बोलिएगा, लेकिन आज चुप रहिए। मैं आपकी इस हरकत को बर्दाश्त नहीं करूंगा। आप लोग सदन की मर्यादा को भंग करोगे, तो मैं इसे सहन नहीं करूंगा।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38, चौमू हाउस, सी-स्कीम, जयपुर (राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा, बहरोड़,, सुजानगढ़, रावतभाटा, अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू, खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

## सम्पादकीय

# किसानों को सक्षम बनाना

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने हाल ही में किसान उत्पादक संगठनों को लेकर राष्ट्रीय मसौदा नीति जारी की। इसका लक्ष्य मौजूदा एफपीओ को मजबूत बनाना और नए एफपीओ के निर्माण और उन्हें प्रोत्साहन देने का काम करना है। एक ऐसी व्यवस्था तैयार करने का इरादा है जहां बेहतर आय दिलाने वाली खेती और किसानों की समग्र बेहतरी के लिए काम किया जा सके। इस विचार का स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि इससे देश भर के करीब 2.5 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचेगा। नीतिगत लक्ष्य यह है कि देश के कुल 7,256 ब्लॉक में से हर एक में प्राथमिक स्तर के 7-8 सक्रिय एफपीओ की स्थापना की जाए जिनमें से प्रत्येक के साथ औसतन 500 किसानों को जोड़ा जाए। इसका इरादा किसानों की शुद्ध आय को बढ़ाना है और ऐसा कृषि कारोबार को सहज बनाकर, किफायती उत्पादन को अपनाकर तथा बाजारोन्मुखी मूल्यवर्द्धन के माध्यम से किया जा सकता है। अमूल ने जिस प्रकार दूध के लिए मूल्य श्रृंखला तैयार की है उसी तरह नीतिगत लक्ष्य खेती और बागवानी की उपज के लिए तीसरे स्तर का आपूर्ति श्रृंखला का मॉडल तैयार करने का है ताकि उनका मूल्यवर्धन, प्रसंस्करण और घरेलू तथा निर्यात बाजारों के लिए तैयार किया जा सके। इसका लक्ष्य एफपीओ के लिए ऋण और नकदी की पहुंच को सरल बनाना भी है। इसके लिए एफपीओ इक्विटी ग्रांट फंड और एफपीओ फॉर्मेशन फंड को जारी रखने की बात कही गई है। एफपीओ को कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के तहत ब्याज राहत और ऋण गारंटी मिलनी जारी रह सकती है। इसके साथ ही नीति इन संगठनों में व्याप्त अक्षम प्रबंधन की पुरानी समस्या को भी हल करना चाहती है। इसमें अच्छे प्रबंधकों तक पहुंच, उन्हें आकर्षित करने और अपने साथ जोड़े रखने की दिक्कतें शामिल हैं।

भारत की कृषि लंबे समय तक छोटी जोत की समस्या से ग्रस्त रही है। राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक यानी नाबार्ड के आंकड़े बताते हैं कि 85 फीसदी जमीन छोटे और सीमांत किसानों के पास है। आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल भी सीमित है। इसके अलावा असंगठित किसानों को अपनी फसल की अच्छी कीमत नहीं मिल पाती है। छोटे किसानों के पास मोलतोल करने की क्षमता नहीं होती है। उनके पास इतनी सुविधा भी नहीं होती है कि अपनी उपज को भंडारित करके रख सकें ताकि सामग्री की कमी वाले मौसम में उसे अच्छे दामों पर बेचा जा सके। छोटे उत्पादकों के पास इतना कच्चा माल या इतनी उपज नहीं होती है कि वे बड़े पैमाने पर उत्पादन के समान लाभ हासिल कर सकें। कृषि बाजार में बिचौलियों की एक लंबी श्रृंखला है जो अक्सर अपारदर्शी तरीके से काम करते हैं जिससे ऐसे हालात बनते हैं जहां किसानों को उपभोक्ताओं द्वारा चुकाई जाने वाली कीमत का बहुत छोटा हिस्सा मिलता है। इसकी वजह से किसानों की आय प्रभावित होती है। एफपीओ यहां बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं। हर एफपीओ में एक निर्वाचित निदेशक मंडल होता है और इसका स्वामित्व किसानों के पास होता है। इसका मुनाफा अंशधारकों के बीच बंटता है। नाबार्ड, सरकारी विभाग और अन्य वित्तीय संस्थान इन सहकारी समितियों को वित्तीय और तकनीकी सहायता मुहैया कराते हैं।

# भारत-रूस मित्रता को जीवंतता देने का सार्थक प्रयास

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस रूस यात्रा को लेकर पश्चिमी देशों ने विरोध जताया है। लेकिन प्रधानमंत्री ने यह स्पष्ट किया कि भारत के लिए रूस की मैत्री बहुत महत्वपूर्ण है। भारत अपने मैत्री-मूल्यों को किसी भी दबाव में कमतर नहीं होने देगा। भले ही यक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस यात्रा पर अपनी निराशा जाहिर करते हुए इसे शांति प्रयासों को झटका तक बता चुके हो या अमेरिका ने भी यात्रा को लेकर अपनी चिंता जता दी हो। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अपनी युद्ध विरोधी सोच के चलते ही यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रूस नहीं गए थे। दोनों देशों के बीच होने वाली सालाना द्विपक्षीय शिखर बैठक भी 2022 के बाद से नहीं हो पाई थी।**

ललित गर्ग।



भारत-रूस की मैत्री को नये आयाम देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रपति पूतिन ने न केवल मैत्री के धागों एवं द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती दी है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को नये शिखर देने का प्रयास किया है। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के लिये एक नए सोच के साथ नये सफर का आगाज है। एक ऐसे समय में, जबकि यूक्रेन-रूस युद्ध को पश्चिमी देशों के विरोध के कारण रूस दुनिया में अलग-थलग है, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में पहले विदेश यात्रा के लिये रूस का चयन करके जता दिया है कि भारत-रूस की मैत्री अक्षुण्ण है और किसी भी तरह के दुनिया के दबाव में यह दोस्ती कमजोर नहीं पड़ने वाली है। भारत ने जहां मैत्री को प्रगाढ़ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय उपक्रम किये हैं, वहीं अपने मित्र देश को युद्ध के खिलाफ और शांति के पक्ष में अपना स्पष्ट रुख भी जताया है। मोदी की इस यात्रा की एक बड़ी निष्पत्ति यह है कि रूस में अब दो नये वाणिज्यिक दूतावास खुलने जा रहे हैं, जिससे हमारी आर्थिक गतिविधियां तेजी से एवं ज्यादा बढ़ेगी। रूस के कुछ हलकों में यह धारणा बनने लगी थी कि भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रभाव में रूस से दूरी बनाए रखना चाहता है। दुनिया में बन रही इस नई धारणा को तोड़ना जरूरी था, इसी दृष्टि से इस यात्रा के पीछे जहां द्विपक्षीय रिश्तों को संदेहों और अविश्वासों से मुक्त करने का ध्येय था, वहीं अंतरराष्ट्रीय हलकों में यह स्पष्ट संदेश भेजना था कि भारत को किसी तरह के दबाव के जरिए इस या उस पक्ष में झुकाना संभव नहीं है।

खुद प्रधानमंत्री मोदी ने भी राष्ट्रपति पूतिन के साथ बातचीत में इसका जिक्र किया कि उनके रूस आने पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं। दुनिया भर में इस यात्रा को गहरी उत्सुकता से देखा जा रहा है। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात को ध्यान में रखें तो यह कोई अचरज वाली बात भी नहीं है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों का जोर इस बात पर रहा है कि भारत रूस से अपनी करीबी खत्म करे। भारत अब एक स्वतंत्र ताकत है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, बड़े शक्तिशाली देशों के लिये भी भारत एक बाजार है। इसलिये भारत किसी भी दबाव में न आते हुए शुरू से ही यह स्पष्ट कर रखा है कि वह अपने राष्ट्रहित पर आधारित स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम रहेगा। रूस समर्थकों ने भले ही यह दर्शाना चाहा हो कि मोदी की यात्रा से भारत ने पश्चिम को चुनौती दी है और इससे पश्चिमी देश 'ईर्ष्या से जल रहे हैं', परंतु असल में भारत ऐसा कोई मंतव्य नहीं रखता है। यह यात्रा अनेक कारणों एवं दृष्टिकोणों से महत्वपूर्ण रही, यात्रा के दौरान दोनों देशों में सहयोग बढ़ाने के समझौते तो हुए ही, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मित्र राष्ट्र को मैत्रीपूर्ण सलाह देते हुए पूरी बेबाकी से कहा, 'युद्ध के मैदान से कोई हल नहीं निकलता।' यह प्रधानमंत्री मोदी का वैसा ही बयान है जैसा दो साल पहले समरकंद में पूतिन से बातचीत के दौरान उन्होंने दिया था कि 'यह युद्ध का दौर नहीं है'। असल में भारत हमेशा से शांति के उजालों एवं युद्ध के अंधेरों से मुक्ति का ही समर्थक रहा है। भारत की स्पष्ट मान्यता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। भारत ने बम-बंदूक के बजाय शांति-वार्ता के जरिये समाधान की बात दोहराई। मोदी ने साहस एवं निर्भयता से पुतिन को दो टूक कहा था कि यह युग युद्ध का नहीं। चूंकि भारतीय प्रधानमंत्री की मास्को यात्रा के मौके पर ही रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव में बच्चों के अस्पताल को भी निशाना बनाया, इसलिए उन्होंने बिना किसी संकोच यह भी कह दिया कि युद्ध या संघर्ष अथवा आतंकी हमलों में जब मासूम बच्चों की मौत होती है तो हृदय छलनी हो जाता है। देखना यह है कि यूक्रेन युद्ध पर भारतीय प्रधानमंत्री की फिर से खरी बात पर रूसी राष्ट्रपति कितना ध्यान देते हैं, लेकिन भारत को रूस के साथ अपनी मित्रता जारी रखते हुए यह स्पष्ट करते रहना होगा कि वह रूस-यूक्रेन युद्ध को यथाशीघ्र समाप्त होते हुए देखना चाहता है। यह केवल भारत ही नहीं, बल्कि विश्व शांति के भी हित में है। इसी के साथ भारत ने अपने मित्र देश को अपनी तकलीफ को साझा करते हुए यह एहसास दिलाने की भी कोशिश की गई कि चीन के साथ उसकी नजदीकी परोक्ष रूप से पाकिस्तान को उत्साहित करती है, जो भारतीय जमीन पर आतंकी गतिविधियों को खाद-पानी मुहैया कराने का काम करता है। रूस भारत के सहयोग के लिये तत्पर रहता है, इसबार भी यह खबर भी सुकून देने वाली है कि रूस ने भारत के आग्रह पर न केवल रूसी सेना के सपोर्ट स्टाफ के रूप में भारतीयों की नियुक्ति रोकना स्वीकार कर लिया है बल्कि नियुक्त किए जा चुके युवाओं को स्वदेश भेजने पर भी मान गया है। इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा सफल कूटनीति के एक उत्तम उदाहरण के रूप में याद रखी जाएगी। भारतीय हितों की वकालत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विश्व मानवता की बात करना इसी रणनीति का हिस्सा था। अन्य पहलू है, इस द्विपक्षीय रिश्ते में कौन-कौन से नए क्षेत्र शामिल किए जा सकते हैं, ताकि यह संबंध एक नई ऊंचाई पर पहुंच सके। विज्ञान-प्रौद्योगिकी और 'पीपुल-टु-पीपुल कॉन्टैक्ट' यानी आम लोगों के स्तर पर आपसी संबंध को आगे बढ़ाने पर रजामंदी को इसी नजरिये से देखा जाना चाहिए। इस यात्रा का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की वजह से आने वाली दिक्कतों को दूर करना। भुगतान की टिकाऊ व्यवस्था पर जोर इसकी एक बानगी है। अच्छी बात यह भी रही कि ईंधन के मामले में भारत को स्थिरता प्रदान करने में रूसी योगदान की प्रधानमंत्री मोदी ने खुलकर सराहना की, जो उचित भी था, क्योंकि अब हम खाड़ी देशों के बजाय सबसे अधिक तेल रूस से ही आयात करने लगे हैं। भारत-रूस की मैत्री का व्यापक महत्व है। यह पुराना मित्र देश का भारत की ताकत रहा है, मार्गदर्शक रहा है, हर सुख-दुःख का साथी रहा है। नेहरु युग से ही भारत-रूस के बीच घनिष्ठ संबंध रहे हैं। दोनों देशों की संस्कृति, संगीत, कला, साहित्य के बीच भी गहरा आत्मीय लगाव रहा है। भारतीय फिल्में रूस में बड़े चाव से देखी जाती रही है। कश्मीर के मसले पर भारत जब-जब अलग-थलग पड़ता रहा, तब तब रूस ने भारत का साथ दिया। 1955 में रूस के राष्ट्रपति निकिता ख्रुश्चेव ने कश्मीर पर भारतीय संप्रभुता के लिए समर्थन की घोषणा करते हुए कहा था, 'हम इतने करीब हैं कि अगर आप कभी हमें पहाड़ की चोटियों से बुलाएंगे तो हम आपके पक्ष में खड़े होंगे।' आश्वासन सिर्फ मुंहजबानी नहीं था बल्कि सोवियत संघ ने 1957, 1962 और 1971 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उन प्रस्तावों को वीटो कर दिया था, जिसमें कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की बात कही गई थी। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान भी जब पाकिस्तान के पक्ष में अमेरिका भारत पर लगभग आक्रमण करने ही वाला था, तब रूस द्वारा भारत के पक्ष में भेजी गई सैन्य सहायता ने ही अमेरिका को अपने कदम पीछे खींचने पर मजबूर किया था। भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी रूस का अनूठा योगदान रहा है। रूस ने ही भारत को सैन्य हथियारों व अन्य साजोसामान की आपूर्ति करके अपने दुश्मनों का सफलतापूर्वक सामना करने में समर्थ बनाया है। ऐसे भरोसेमंद देश के साथ जब बीच के दौर में आर्थिक कारणों व वैश्विक दबावों के चलते दूरी आने लगी थी तो दोनों ही देशों की जनता ने मांग उठायी कि ऐसे विश्वसनीय सहयोगी को खोना उचित नहीं होगा। मोदी की यात्रा से भारत-रूस संबंधों एवं मित्रता की नई इबारत लिखी गयी है, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सुखद होने वाले हैं।

## शख्सियत



लेखराम सैनी
( प्राचार्य केवी, अलवर )

**सिर्फ किस्मत के भरोसे पे रहने वाले कर्महीन बन जाते हैं --पैदा कहां हुए ये मायने नहीं रखता हमारे कर्म ही हमे कर्मवीर बनाते हैं..**

नमस्कार साथियों हमारे आज के शख्सियत कॉलम स्टार हैं इंदपुर रामगढ़ अलवर में 13 जुलाई सन 1975 को जन्में लेखराम सैनी जोकि इस समय प्राचार्य हैं केन्द्रीय विद्यालय नम्बर-1 के। एम.एससी केमिस्ट्र, बीएड, डी.लिट एमबीए से शिक्षित आज अलवर का गौरव बने हुए हैं। इनका जन्म एक गरीब किसान परिवार मे हुआ। गरीबी के दिनों को याद में रखकर इन्होंने जो संघर्ष किया आज उसी के बूते पर यहां विद्यमान हैं। इस संघर्ष को ध्यान में रखकर ये अपनी सेवाए का संपादित हैं और कोशिश करते हैं कि ईश्वर ने जो क्षमता इन्हे दी है, ये उसका सदुपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकें । इन्होंने प्राथमिक शिक्षा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय से पूर्ण की छठी से दसवीं तक गांव से 5 किलोमीटर दूर मालपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय से प्रथम श्रेणी में पास की 11वीं और 12वीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ जो गांव से 16 किलोमीटर दूर है प्रतिदिन साइकिल चलाकर प्रथम श्रेणी से पास की बीएससी तथा एमएससी राज ऋषि कॉलेज अलवर से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। बी एड 1999 में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी रोहतक से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की ।

सन 2000 में खंडेलवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रसायन विज्ञान व्याख्याता के रूप में सेवा दी। सन 2004 में केंद्रीय विद्यालय संगठन भारत सरकार में पीजीटी केमेस्ट्री के रूप में ओएनजीसी खंभात की खाड़ी केंद्रीय विद्यालय में प्रथम नियुक्ति मिली। इसके बाद 2008 में केंद्रीय विद्यालय मोती डूंगरी अलवर में स्थानांतरण मिला। केंद्रीय विद्यालय अलवर में 2008 से 2015 तक केमिस्ट्री विषय में अध्यापन का कार्य कराया तथा 2015 में अखिल भारतीय परीक्षा द्वारा केंद्रीय विद्यालय प्राचार्य पद पर मध्य प्रदेश में नियुक्ति मिली। मध्य प्रदेश से स्थानांतरण हिंदुस्तान को कॉपर लिमिटेड केंद्रीय विद्यालय खेत्री नगर में स्थानांतरण हुआ। लगभग साढे तीन साल की सेवा देने के पश्चात केंद्रीय विद्यालय मोती डूंगरी अलवर में प्राचार्य पद पर स्थानांतरण हुआ और 2018 से लगातार केंद्रीय विद्यालय मोती डूंगरी अलवर में बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु पूर्ण समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। केंद्रीय विद्यालय संगठन में अपनी सेवाएं देकर ये अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते है कि इन्हें अप्रत्यक्ष रूप से देश के उन वीर जवानों हमारे एयरफोर्स आर्मी पैरामिलिट्री फोर्स नौसेना के जवानों के बच्चों को पढ़ाने का मौका मिल रहा है। जो हमारी सीमाओं की रक्षा अपने प्राणों की बाजी देकर कर डटे हुए हैं। लगभग 20 साल के सफर में सैकड़ो डॉक्टर इंजीनियर बनाने के साथ.साथ सीडीएस एनडीए आर ए एस आईएएस और अन्य सेवाओं में बच्चों का चयन हुआ जो आज मां भारती की सेवा में अपने आप को समर्पित कर रहे हैं तथा केंद्रीय विद्यालय की खुशबू से इस देश को लाभान्वित कर रहे हैं। इनका एक ही धेय है की केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाले समस्त बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर देश का ईमानदार कर्तव्य निष्ठ तथा समर्पित नागरिक प्रदान करना। दैनिक बढ़ता राजस्थान टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 11 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- लक्जेमबर्ग के चार्ल्स चतुर्थ को 1346 में रोमन साम्राज्य का शासक चुना गया।
- नीदरलैंड और डेनमार्क के बीच रक्षा संधि पर 1673 में हस्ताक्षर।
- ब्रितानी संसद ने 1832 में सती प्रथा के उन्मुलन के खिलाफ शुद्धतावादी हिंदुओं के अपील को खारिज किया।
- सोवा बाजार क्लब किसी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पहला भारतीय दल 1889 में बना।
- विल्फ्रीड लारियर ने 1896 में कनाडा के सातवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- मंगोलिया ने 1921 में चीन से आजादी पायी।
- हॉलीवुड बाउल की शुरुआत 1922 में हुई।
- ब्रेडमैन ने 1930 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन में 309 रन बनाए।
- येरूशलम में 1948 को पहला हवाई हमला हुआ।
- पेरिस के निकट ब्राजील को 1973 में बोइंग विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से 122 मारे गए।
- मार्टिन लूथर किंग जूनियर को 1977 में मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया।
- अमेरिकी अंतरिक्ष प्रयोगशाला स्काई लैब 1979 में धरती पर गिरी। यह हिंद महासागर और पश्चिम ऑस्ट्रेलिया में गिरी थी। इसके गिरने से पहले पूरी दुनिया में कयास लगाए जा रहे थे कि यह धरती पर कहां गिरेगी और कितना नुकसान होगा।
- दुनिया की आबादी ने 1987 में पांच अरब का आंकड़ा पर कर लिया। संयुक्त राष्ट्र ने 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था।
- अमेरिका एवं वियतनाम के बीच कूटनीतिक रिश्ते 1995 में स्थापित हुए।
- बोस्निया में 1995 को 7000 से ज्यादा लोगों का नरसंहार किया गया।
- चांग शांग 2002 में दक्षिण कोरिया की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- लाहौर में 'दोस्ती बस' और दिल्ली से 'सदा-ए-सरहद' बस का परिचालन 2003 में हुआ।
- एचआईवी-एड्स पर एशियाई मंत्रियों का सम्मेलन 2004 को बैंकॉक में।
- मुम्बई उपनगरीय में 2004 को 7 रेल बम विस्फोट हुये।

## विशेष आलेख

# मुस्लिम महिलाएँ तलाक के बाद ले सकेंगी गुजारा भत्ता, सुप्रीम कोर्ट ने खींची नई लकीर





रामस्वरूप रावतसरे

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (10 जुलाई 2024) को एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपने पूर्व पति के खिलाफ आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी ) की धारा 125 के तहत भरण-पोषण का दावा दायर कर सकती है। इसको लेकर मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1986 धर्मनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा।

शीर्ष न्यायालय की न्यायामूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मुस्लिम महिला के अधिकार को बरकरार रखा। इसको लेकर पीठ ने अलग-अलग, लेकिन सहमति वाले फैसले सुनाए। दरअसल, एक मुस्लिम व्यक्ति ने तेलंगाना हाई कोर्ट के उस निर्देश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे अपनी पूर्व पत्नी को 10,000 रुपए का अंतरिम भरण-पोषण देने का निर्देश दिया गया था।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने फैसला सुनाते हुए कहा, सीआरपीसी की धारा 125 सभी महिलाओं पर लागू होगी, न कि केवल विवाहित महिलाओं पर। पीठ ने कहा कि यदि धारा 125 के तहत आवेदन लंबित रहने के दौरान संबंधित मुस्लिम महिला तलाक ले लेती है तो वह मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 का सहारा ले सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह अधिनियम सीआरपीसी की धारा 125 के तहत किए गए उपायों के अतिरिक्त उपाय भी प्रदान करता है। बताते चलें कि सर्वोच्च न्यायालय ने शाहबानो मामले में एक ऐतिहासिक फैसला देते हुए कहा था कि सीआरपीसी की धारा 125 एक धर्मनिरपेक्ष प्रावधान है, जो मुस्लिम महिलाओं पर भी लागू होता है। हालाँकि, मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1986 द्वारा सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को निरस्त कर दिया गया और 2001 में कानून की वैधता बरकरार रखी गई थी। इस अधिनियम के तहत तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत भरण-पोषण की माँग नहीं कर सकती है। सीआरपीसी की धारा 125 के अनुसार, एक व्यक्ति जिसके पास पर्याप्त साधन हैं वह अपनी पत्नी, बच्चों (वैध या नाजायज) और पिता या माता का भरण-पोषण करने के लिए उत्तरदायी है। इस धारा के अनुसार, 'पत्नी' में वह महिला शामिल है, जिसका अपने पति से तलाक हो चुका है और उसने दोबारा विवाह नहीं किया है। यह मामला तेलंगाना के हैदराबाद के मुस्लिम परिवार का है। मार्च 2019 में एक मुस्लिम महिला ने हैदराबाद की एक पारिवारिक अदालत में एक याचिका दी कि उसका पति अब्दुल समद ने उसे तीन तलाक दिया है। इसलिए उसने सीआरपीसी की धारा 125 के तहत 50,000 रुपए मासिक भरण-पोषण की माँग की। इसके बाद कोर्ट ने जून 2023 में 20,000 रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण देने का निर्देश दिया। अब्दुल समद ने पारिवारिक अदालत के आदेश को तेलंगाना हाई कोर्ट में चुनौती दी और तर्क दिया कि उसने साल 2017 में मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार तलाक लिया था। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि उसने अपनी पूर्व पत्नी को 'इद्दत' अवधि के दौरान भरण-पोषण के रूप में पहले ही 15,000 रुपए का भुगतान कर दिया है। इसके बाद हाई कोर्ट ने दिसंबर 2023 में उच्च न्यायालय ने भरण-पोषण की राशि को संशोधित कर 10,000 प्रतिमाह कर दिया। इसके साथ ही हाई कोर्ट ने पारिवारिक न्यायालय को छह महीने के भीतर इस मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट के इस फैसले से अब्दुल समद संतुष्ट नहीं हुआ। उसने सुप्रीम कोर्ट में हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की। याचिकाकर्ता मोहम्मद अब्दुल समद के वकील ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष बताया कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1986 के अनुसार, तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत लाभ का दावा करने की हकदार नहीं है। हालाँकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

### वृष
आज धन का व्यय अधिक होगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

### मिथुन
सरकार से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा। पेट के रोग सताएंगे। नौकरी में अधिकारियों के नकारात्मक व्यवहार से आपको दुख होगा।

### कर्क
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो, इसका खास ध्यान रखें। पानी वाली जगहों से दूर रहें।

### सिंह
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

### कन्या
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी। धन लाभ होगा और अधूरे काम पूरे हो सकते हैं।

### तुला
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

### वृश्चिक
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

### धनु
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

### मकर
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

### कुंभ
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

### मीन
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी। आज आपको यात्रा ना करने की सलाह दी जाती है।

# जलदाय मंत्री के प्रयासो से बजट में मिली सौगातो से झूमे क्षैत्रवासी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** प्रदेश के जलदाय मंत्री व मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधायक बने कन्हैयालाल चौधरी के अथक प्रयासो से मालपुरा व टोडारायसिंह कें सरकारी अस्पताल उप जिला अस्पतालो में एवं डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका में तथा उप तहसील डिग्गी को तहसील मुख्यालय में क्रमोन्नत होने की धोषणा से सम्पूर्ण क्षैत्र वासी खुशी से झूम उठे हैं। बुधवार को राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार का इस वित्तीय वर्ष का बजट प्रदेश की वित्त मंत्री दीयाकुमारी ने पेश किया। वेसे तो वित्त मंत्री दीया कुमारी ने समूचे प्रदेश वासियो को ही सौगातो से भरपूर कर दिया। प्रदेश सरकार के पहले बजट में वित्त मंत्री ने प्रदेश के सभी वर्गो के विकास का ध्यान रखकर राज्य विधानसभा में बजट पेश किया। प्रदेश सरकार के इस बजट से मालपुरा उपखण्ड सहित सम्पूर्ण विधानसभा क्षैत्रवासियो को भी कई सौगाते मिलने की आशा थी। इसके लिए क्षैत्रीय विधायक व जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने पिछले दिनो कई बार क्षैत्रवासियो को आश्वस्त किया था कि वे थोथी धोषणाऐं करने में विश्वास नहीं

- मालपुरा व टोडा के अस्पताल उप जिला अस्पतालो में होगें क्रमोन्नत
- डिग्गी तहसील व नगरपालिका में व लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका में क्रमोन्नत से क्षैत्र में लगेगें विकास के पंख

रखते हैं। उनकी कथनी और करनी में न तो पहले अन्तर था न अब रहेगा। या तो वादा करते नहीं और करते हैं तो उसे पूरा करके ही दम लेते हैं। चौधरी के इन सभी वादो पर बुधवार को प्रदेश की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बजट पेश कर मोहर लगा दी। प्रदेश सरकार के पहले बजट में ही क्षेत्र की सुविख्यात घार्मिक नगरी डिग्गी को उप तहसील से तहसील में क्रमोन्नत के साथ साथ नगरपालिका का दर्जा देने



तथा समीनवर्ती कस्बे लाम्बाहरिसिंह ग्राम पंचायत को नगरपालिका में क्रमोन्नत किए जाने की धोषणा की गई। इसके अलावा बजट में मालपुरा के साथ साथ टोडारायसिंह के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो को उप जिला अस्पतालो में क्रमोन्नत किए जाने की धोषणा कर मालपुरा क्षेत्रवासियो को बड़ी सौगाते दी गई है। प्रदेश बजट के प्रस्तुत होने के बाद मालपुरा क्षैत्र को मिली सौगातो की जानकारी मिलने के साथ ही क्षैत्रवासी खुशी से झूम उठे। क्षैत्रवासियो ने इन सौगातो के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्तमंत्री दीया कुमारी के साथ साथ हर समय किए वादो पर खरे उतरने वाले प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्राय: देखा भी यही गया है कि मालपुरा क्षैत्र के विकास के पंख भाजपा शासनकाल में ही लगे हैं। चाहे राजकीय महाविद्यालय व राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवनो की सौगात हो या फिर क्षैत्र में सड़को के जाल बिछने की सौगात हो और अब जिला अस्पताल, तहसील व नगरपालिका मिलने की सौगात हो सब भाजपा शासन काल में ही मिले हैं।

### कांग्रेस ने बताया बजट को निराशाजनक :-

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य घासीलाल चौधरी व पीसीसी सचिव श्याम सुन्दर शर्मा ने प्रदेश सरकार के प्रथम बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने बताया कि मालपुरा को न तो ट्रोमा अस्पताल मिला और न ही रेल की कोई सौगात मिली। जबकि मालपुरा वासियो को बजट से बहुत आशा थी जो बुधवार को बजट पेश होने के बाद निराशा में बदल गई।

## गणेश निमन्त्रण के साथ रामकथा महोत्सव की तैयारियां शुरू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद एवं रासकथा आयोजन समिति के सुयुक्त तत्वावधान में मालपुरा के महेश सेवा सदन में 24 अगस्त से 2 सितम्बर तक आयोजित होने वाले भव्य रामकथा महोत्सव आयोजन लेकरी गणेश निमन्त्रण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

बुधवार को भारत विकास परिषद एवं रामकथा आयोजन समिति के सभी सदस्य माणक चोक बाजार स्थित श्री गणेश मन्दिर में एकत्रित हुए। यहां सभी सउस्यो ने सामूहिक गणेश पूजन किया। साथ ही रामकथा आयोजन के लिए जारी पम्पलेट को विधिवत रूप से गणेश जी महाराज को अर्पण किया गया। भारत विकास परिषद के प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि इस दौरान आयोजन समिति व्यवस्थापक रामबाबू परतानी, परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, आयोजन समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, उपाध्यक्ष पुरूषोतम सैनी, महामंत्री त्रिलोक विजय, कोषाध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन, परिषद सरंक्षक एडवोकेट राजकुमार जैन, एमडी पब्लिक स्कूल के चन्द्रमोहन उपाध्याय, विजयवर्गीय समाज अध्यक्ष हनुमान प्रसाद राजपुरा वाले, मुंशी दशरथ शर्मा सहित अन्य कई प्रबुद्धजन मोजुद रहे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा उपखण्ड के टोरड़ी स्टेशन पर स्थित मुवाल ढाणी में मुवाल परिवार के तत्वाधान में नवनिर्मित शिवालय में शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज भव्य एवं विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ।

टोरड़ी स्टेशन स्थित बाबा कल्याण दास जी की बगीची से भव्य एवं विशाल निकली महिलाओं की कलश यात्रा को क्रय विक्रय सहकारी समिति मालपुरा के अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य भंवरलाल मुवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बेण्डबाजो व महिला पुरूषो नाचते व मंगल गीतो के साथ यह कलश याात्रा आयोजन स्थल पहुंची। यहां विद्धान पण्डित आचार्य रमेश शास्त्री एवं उनके दल द्वारा शिव प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिन की पूजा सम्पन्न कराई। आयोजक परिवार के सदस्य रामधन मुवाल ने बताया कि महोत्सव के अन्तर्गत बुधवार को नित्यार्चन, हवन, अधिवास व देवस्नान की धार्मिक प्रक्रिया वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुई। वहीं गुरूवार को समारोह के अन्तिम दिन नित्यार्चन हपन, मूर्तिन्यास प्रतिष्ठा के साथ समारोह का समापन होगा।

## ग्रामीणों की समस्याओं को शीघ्र हो समाधान -रामसहाय वर्मा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** ग्राम पंचायत बनस्थली में 11 पंचायतों के लिए उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई की गई। इसमें बनस्थली, बिदोलिय, चैनपुरा, चतुर्भुजपुरा, डांगरथल, हनौतिया बुजुर्ग, जोधपुरिया, राहोली, सींदडा, सुनारा, खणदेवत, पलेई के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं बताई। विधायक रामसहाय वर्मा ने जनसुनवाई कार्यक्रम में में मौजूद उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों को प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने रा उ मा वि बनस्थली में पौधरोपण किया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया, ग्राम विकास अधिकारी निकिता जैन, भाजपा वरिष्ठ नेता रामप्रसाद शर्मा, शंकरलाल हाथीवाल, रामेश्वर बेनीवाल, विनोद जैन व सन्नी बनस्थली सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मालपुरा क्षैत्र के कई विद्यालयो व आंगनबाड़ी केन्द्रो में पहुंचे पौधे

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** बी एल देशमा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मालपुरा क्षैत्र में एक लाख पौधे वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को क्षेत्र के कई विद्यालयो व आंगनबाड़ी केन्द्रो में पौधे पहुंच जाने के बाद संकल्प के साथ पौधे लगाए गए।

बी एल देशमा चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक एवं भामाशाह बी.एल.चौधरी देशमां ने बताया कि महावृक्षारोपण अभियान के शुभारम्भ के बाद बुधवार को ट्रस्ट एवं क्षैत्र में उनकी टीम के सक्रिय सदस्यो ने राउप्रावि चावण्डिया, राउमावि किरावल, राउप्रावि कुरथल, राउप्रावि पीपल्या, आंगनबाड़ी पाठशाला पीपल्या, राउप्रावि द्वारकापुरी, राउप्रावि बूढ़ी, राप्रावि रायथल्या, आंगनबाड़ी केन्द्र चावण्डिया सहित क्षैत्र के लगभग 1500 विद्यालयो एवं आंगनबाड़ी केन्द्रो पर अर्जुन छाल एवं करंज के 5 से 6 फुट पौधे पहुंच जाने के बाद इन्हें विधिवत रूप से रोपा गया। साथ ही पौधो को रोपने के बाद इनके बड़े होने तक सरंक्षण प्रदान करने का संकल्प दिलाया गया।

## जैसलमेर में सोनार फोर्ट के पास बाजार में मिला बम : दुकानें बंद करवाई; सेना का बम निरोधक दस्ता कर रहा जांच

**जैसलमेर.** जैसलमेर में सोनार फोर्ट के पास शिव रोड स्थित बाजार में बुधवार सुबह करीब 10 बजे जिंदा बम मिला। फोर्ट की परिधि से महज 20 फीट की दूरी पर बम मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। एहतियात के तौर पर दुकानों को बंद करवा दिया गया है। सड़क के दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाकर आसपास का इलाका सील किया गया है।

कोतवाली थाना इंचार्ज सवाई सिंह ने बताया- प्रशासन ने सेना के बम निरोधक दस्ते को इसकी सूचना दी। भारतीय सेना और वायु सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। वे बम की जांच कर रहे हैं। सेना का बम निरोधक दस्ता इसे डिफ्यूज करेगा।

### बम यहां कैसे आया, जांच जारी

जानकारी के अनुसार, आज सुबह करीब 10 बजे शिव रोड स्थित दुकानों के बाहर दुकानदारों को बम जैसी वस्तु दिखी। पहले तो किसी ने उसे गंभीरता नहीं लिया। लेकिन, जब गौर किया गया तो सबके होश उड़ गए। रॉकेट बम की तरह दिखने वाली भारी वस्तु को देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर भीड़ जमा हो गई।

## भजन लाल सरकार का पहला बजट पेश

# निवाई को मिला पोलेटेक्निक महाविद्यालय, टोंक जिले को मिली करोड़ों के विकास कार्य की सौगात

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** राजस्थान के प्रथम वर्ष 2024-25 के परिवर्तित बजट में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा वित्त मंत्री राजकुमारी दिया कुमारी ने टोंक जिले को कई सौगाते देकर जिले का मान बढ़ाया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अजित सिंह मेहता ने बताया कि बजट में टोंक जिले में टोडारायसिंह-केकड़ी, देवली, मालपुरा व अलीगढ़-टोंक हेतु शहरी पेयजल योजनाओं में 50 करोड़ (पचास करोड़) रुपये से अधिक की लागत से उच्च जलाशय, पाइप लाइन आदि के कार्य, थड़ोली से केकड़ी के मध्य भांसू गांव के समीप पाइप लाइन का कार्य, बनास नदी पर दोडवाडी से बोरडा सड़क मय काजवे का निर्माण(3.5 किमी.) (निवाई)-टोंक राषि 25 करोड़ रुपये देवली-उनियारा क्षेत्र में विभिन्न सड़कों के कार्य 20 करोड़ रुपये, प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने, युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण सुविधायें उपलब्ध कराने तथा उनके लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से निवाई-टोंक, में नवीन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, देवली मालपुरा निवाई के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से उप जिला चिकित्सालयों में क्रमोन्नयन, झाडली (मालपुरा) उप स्वास्थ्य केन्द्र से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नयन, लाम्बाहरिसिंह, डिग्गी (मालपुरा), पीपलू को ग्राम पंचायत से नगरीय इकाई गठन व क्रमोन्नयन, देवली-उनियारा में स्थित गलवा बांध के माईनरों का जीर्णोद्धार 7 करोड़ रुपये, अलीगढ़ क़स्बे को नई पाइपलाइन की सौग़ात बजट आवंटित किया गया एवं पीपलू-टोंक में कृषि मण्डी की घोषणा की गई।

इसी तरह जिला प्रमुख सरोज बंसल ने बताया कि राजस्थान सरकार के बजट में टोंक जिले को बहुत महत्तवपूर्ण घोषणा की गई जिससे टोंक जिले में विकास के कार्या को गति में मिलेगी। टोंक जिले में पेयजल की सुविधाये बढेगी, ग्रामीण क्षेत्रो को कई सडको से एक दूसरे को जोडने से ग्रामीणोंजनो का लाभ मिलेगा तथा ग्राम पंचायतों को नगरीय ईकाइ में परिवर्तन करने से भी विकास होगा। राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट विकास



के नये आयाम स्थापित करेगा जिसमें बेरोजगारों को रोजगार, सडको निर्माण को गति मिलेगी, षिक्षा क्षैत्र मे नये विधालय/महाविधालयों की घोषणा से षिक्षा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित होगें।

## पौधरोपण कर संरक्षण की दिलाई शपथ

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय पराना में पौधरोपण किया। मुख्य अतिथि रामकिशन पाराशर के सानिध्य में प्रधानाध्यापक एवं समस्त स्टाफ के सहयोग से छात्र-छात्राओ ने विद्यालय के आसपास पौधे लगाकर उनके पालन-पोषण व सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। प्रधानाध्यापक सुरेश पाल ने कहा कि तेजी से बिगड़ते पर्यावरण पर मानव जाति के सामने कई संकट खड़े हो गए हैं। पौधे लगा कर इन्हें विकसित करके ही इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। इस पर आमजन अधिकाधिक पौधे लगाएं एवं देखभाल कर विकसित करें। खड़े वृक्षों की रक्षा करें। प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगा उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। अध्यापिका प्रियंका, ममता, विजय लक्ष्मी एवं अध्यापक बबलेश कीर ने बताया कि पूरे विश्व के सामने पर्यावरण गंभीर विषय बन गया है। इस पर पर्यावरण संरक्षण, संवर्धन को लेकर बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण करके ही धरती पर जीव मात्र की रक्षा की जा सकेगी। इस पर आमजन पौधारोपण के महाअभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाएं। इस अवसर पर विभिन्न किस्मों के 51 पौधे लगाकर उनकी सार संभाल को लेकर कांटेदार तारबंदी की गई। अध्यापको सहित मौजूद ग्रामीणों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।



## सरपंच संघ ने सौंपा ज्ञापन

**निवाई( का.स. )।** सरपंच संघ के तत्वावधान में संघ की मांगों को लेकर सरपंच संघ अध्यक्ष शीला मीणा के नेतृत्व में सरपंचों ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक रामसहाय वर्मा व तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। समासेवी पप्पूलाल मीणा ने बताया कि वर्तमान समय में पंचायतों में संचालित विकास कार्यो में वित्तीय समस्याएं आ रही है। सरपंचों ने सरपंचों की समस्याओं का समाधान करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने वालों में सरपंच रमेश यादव, सुरेन्द्र बेनीवाल, कस्तुरी देवी, मदनलाल मीणा, शीला बैरवा, अखराज बैरवा, जयनारायण पंचोली, देवालाल गुर्जर, रामसहाय मीणा, बीना देवी चौधरी, आशा देवी चौधरी, कानाराम गुर्जर, बिन्दू कंवर व ब्रजमोहन बलाई सहित कई सरपंच मौजूद थे।

## बनस्थली के वार्ड नंबर 11 में 5-6 माह से रोड लाइटे है खराब, वार्डवासियों में भारी आक्रोश

**निवाई( का.स. )।** ग्राम पंचायत बनस्थली के वार्ड नंबर 11 में पिछले 5-6 महीनों से रोड लाइट खराब पड़ी है। इस समस्या के कारण रात के समय आवागमन में बहुत परेशानी होती है तथा इसी आवागमन पर शराब का ठेका होने के कारण महिलाओं को शाम को 7 के बाद आने-जाने में बहुत सी परेशानियां होती है आए दिन दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। जिससे आम जनता को काफी परेशानियां हो रही है। उक्त समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत में भी सूचना दी गई लेकिन आज दिन तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है।

## शहर को हरा भरा करने के लिए लगाए जाएंगे 70 हजार पौधे

### श्मशान घाटों, कब्रिस्तानों में पौधारोण करके किया अभियान की पालिका इसरानी ने की शुरूआत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** शहर को हरा भरा करने के लिए वन चेतना प्रभारी रामफूल शर्मा ने नगरपालिका के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ लगाने का कार्य हाथ में लिया गया है। वन चेतना प्रभारी रामफूल शर्मा के नेतृत्व में शहर के सभी श्मशान घाटों, कब्रिस्तानों व सामुदायिक केंद्रों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम शुरू किया गया है। वनों से प्रेम रखने वाले व वन विभाग से सेवानिवृत्त वन चेतना प्रभारी रामफूल शर्मा ने बताया कि कुल 70 हजार छायादार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं पालिका अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट के सहयोग व सामंजस्य से पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत अब तक कुल 1260 पौधे लगा चुके हैं। शहर में मुख्य सडक़ मार्गों पर लगे हुए डिवाइड रूम पर 700 पौधे, शिवाजी पार्क व शमशान पर 93 पौधे, विवेकानंद पार्क में 42 पौधे, शिवाजी कॉलोनी में स्थित टीलेश्वर महादेव मंदिर



परिसर व श्मशान में 23 पौधे, न्यू इंदिरा कॉलोनी पार्क में 32 पौधे, नगर पालिका कार्यालय परिसर में 23 पौधे, सुभाष पार्क में 90 पौधे, शास्त्री नगर पार्क में 50 पौधे, वार्ड नंबर 2 3 5 व 9 में सामुदायिक केंद्रों में 120 पौधे, भरकुंआ कब्रिस्तान में 30 पौधे एवं जैन समाज के शमशान में 40 पौधे लगाए गए हैं। इस दौरान राजस्व अधिकारी नवरतन शर्मा, सहायक अभियंता निशांक जैन, लेखाधिकारी कुशाल शर्मा, पार्षद मौला सेन, पृथ्वीराज टाटावत, हनुमान गुर्जर व अल्लारखा सहित कई कर्मचारी व पार्षद मौजूद थे।

# पन्द्रह सूत्री मांगो को लेकर सरपंच संघ ने सौंपा ज्ञापन

## मंजूर नहीं होंने पर दी आन्दोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** सरपंच संघ मालपुरा ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे पन्द्रह सूत्री मांगो के ज्ञापन की प्रति तहसीलदार राहुल पारीक को सौंप कर मांगे स्वीकार नहीं होंने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है।.

बुधवार को सरपंच संघ मालपुरा के अध्यक्ष एवं आवड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच भंवरलाल चौधरी के नेतृत्व में मालपुरा की ग्राम पंचायतो के सरपंचो का प्रतिनिधिमंडल तहसीलदार के समक्ष उपस्थित हुआ। इस प्रतिनिधिमंडल में लावा सरपंच कमल जैन, चांदसेन सरपंच रामस्वरूप मीणा, डूंगरीकला सरपंच शंकर भढाणा, बरोल सरपंच हनुमान गुर्जर, सोड़ा सरपंच प्रेमदेवी, सहित अन्य कई सरपंच या सरपंचो के प्रतिनिधि शामिल रहे्। संघ की ओर से सौंपे ज्ञापन में राज्य वित्त आयोग की अनुदान राशि शीध्र दिलवाने, केन्द्रीय वित्त आयोग बकाया राशि शीध्र जारी कराने, मनरेगा योजना



में पिछले दो वर्ष की बकाया राशि का भुगतान कराने, नरेगा योजना में लगने वाले मेट व कारीगर की मजदूरी समान करने, जल जीवन योजना का सम्पूर्ण संचालन जलदाय विभाग को दिए जाने , 16वें वित्त आयोग एवं छठे राज्य वित्त आयोग के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत को प्रदत्त अनुदान की राशि के समायोजन का अधिकार ग्राम पंचायत को ही दिए जाने सहित पन्द्रह सूत्री मांग की प्रति सौंपी गई। इस ज्ञापन में संघ की ओर से चेतावनी देते हुए बताया कि संघ की मांगो को शीध्र स्वीकार नहीं करने पर संघ की ओ्र से आन्दोलन किया जाएगा। जिसमें 18 जुलाई को विधानसभा घेराव की चेतावनी दी गई।

## बजरी खनन व परिवन मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**निवाई( का.स. )।** पलिस थाना बरोनी ने एक माह से फरार चल रहे 3 बजरी माफियाओं को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन के मामले में फरार चल रहे डंपर मालिक मूरली यादव निवासी बडा कुआं की ढाणी गोपालपुरा थाना निवाई व डंपर चालक लक्ष्मण गुर्जर निवासी अणतपुरा थाना निवाई को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में रेकी में शामिल एक बोलेरो कार को जब्त किया है। इसी प्रकार 9 माह से फरार आरोपी राजेश गुर्जर निवासी गुर्जरों की ढाणी बनवाडा थाना पीपलू को गिरफ्तार किया है।

## विद्युत तकनीकी कार्मिकों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**निवाई( का.स. )।** राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन द्वारा विद्युत निगमों के कार्मिकों ने बुधवार को पुरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत जीपीएफ खाता आवंटित करने एवं सीपीएफ कटौती बंद करने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान राज्य के पांचों विद्युत निगमों के कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन योजना लागू करने के आदेश जारी किये गये है। इस आदेश के तहत पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चुनने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों के जीपीएफ खाता संख्या आवंटित कर पेंशन जारी की चुकी है एवं 2023 के बाद नियुक्त कार्मिकों के भी जीपीएफ खाता आवंटित कर दिये गये है। लेकिन सेवारत कर्मचारियों की सीपीएफ कटौती बंद नहीं की गई एवं ना ही जीपीएफ खाता नम्बर आवंटित किये गये है। जिससे कर्मचारियों में विद्युत निगम प्रबन्धन के प्रति गहरा आक्रोश है। तकनीकी कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन योजना लागू करवाने सहित इंटर डिस्कॉम स्थानान्तरण नीति बनवाने, आरजीएचएस योजना को विद्युत निगम कार्मिकों पर राज्य सरकार के कार्मिकों कि समरूप लागू करवाने, आईटीआई होल्डर कार्मिकों के लिये वर्ष 2018 से लागू टाईम बाऊड पद-अपग्रेडेशन का लाभ ज्वाईनिंग तिथि से लागू करवाने एवं रेलवे की तर्ज पर निगम के तकनीकी कार्मिकों के लिये हार्ड ड्यूटी अलाऊंस लागू करवाने आदि मांगों के लिये उपखण्ड कार्यालय में ज्ञापन दिया है।

# लग्जरी कारों का मालिक बनने का सपना दिखाकर लोगों से ठगी करने वाला इनामी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विधायकपुरी थाना पुलिस ने लग्जरी कारों का मालिक बनने का सपना दिखाकर लोगों से ठगी करने वाले एक साल से फरार चल रहे पच्चीस हजार रुपये इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। जो एक साल से दाड़ी बढ़ाकर उदयपुर में रह रहा था। पुलिस को आरोपी के बारे में जानकारी मिलने पर उदयपुर से पकड कर जयपुर लाई है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने लग्जरी कारों का मालिक बनने का सपना दिखाकर लोगों से ठगी करने वाले बदमाश भानूप्रताप सिंह चारण निवासी निवासी पादुकलां जिला नागौर हाल झोटवाडा जयपुर गिरफ्तार किया है। आरोपित परिचितों को लग्जरी कारों का मालिक बनने का सपना दिखाकर लोगों को लूटता था और गाड़ी को सरकारी दफ्तरों और खुद की ट्रेवर एजेंसी में लगाने का झांसा देता था। आरोपी के कब्जे पुलिस ने लाइसेंस रिवॉल्वर, पासपोर्ट और महंगे फोन बरामद किए हैं। इस संबंध में विधायकपुरी थाने में साल 2023 में धोखाधड़ी की तीन एफआईआर दर्ज हुई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। इस पर डीसीपी साउथ की ओर से बदमाश पर 25 हजार रुपए का इनामी जारी किया गया था। बदमाश भानूप्रताप सिंह चारण के खिलाफ पीड़ितों ने शिकायत दी थी कि ट्रेवल कंपनी जोवियल क्लब लोगों को घूमने के पैकेज उपलब्ध करवाती है। विभिन्न सरकारी विभागों में कमिशन पर गाड़ियां लगाने का झांसा देकर मुख्य आरोपी भानू प्रताप सिंह चारण उर्फ भानू और उसके साथियों रामावतार सैन व नितिन पाटनी ने पीड़ित के नाम से फाइनेंस पर लग्जरी गाड़ियां निकलवा ली। आरोपी द्वारा उनको 25-25 हजार रुपए प्रतिमाह और 1-1 लाख रुपए डाउन पेमेंट सहित लोन की किश्तें जमा करवाने का झांसा दिया। पीड़ितों के नाम से फाइनेंस पर गाडियां निकलवाने के बाद उन गाड़ियों को विभिन्न सरकारी दफ्तरों, ट्रेवल आदि के टेंडर में लगाने के नाम पर उसी दिन वापस ले ली। आरोपी ने सोची समझी साजिश के तहत गाड़ियों की शुरुआती 4-5 किश्तें तो सम्बन्धित बैंक में जमा करवाई। फिर किश्तें जमा करवाना बंद कर दिया। जब बैंक ने कार से मूल मालिक को लोन किश्तें जमा करवाने के लिए कहा तो पीड़ितों ने आरोपी से सम्पर्क किया। आरोपी ने किश्तें जमा करवाने की बजाय उनके नाम से ली गई कारें गायब करा दी। इस पर पीड़ितों ने विधायकपुरी थाने में मामला दर्ज करवाया।

# 'बेड न्यूज़' के प्रमोशन के लिए जयपुर पहुंचे विक्की कौशल और एम्मी विर्क

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** धर्मा प्रोडक्शंस और लियो मीडिया कलेक्टिव के सहयोग से अमेज़ॅन प्राइम द्वारा प्रस्तुत, कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'बैड न्यूज' की रिलीज़ डेट जैसे-जैसे पास आ रही है, फैंस और दर्शकों के बीच इसे लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर, इसके प्रमोशन का सिलसिला भी उतनी ही तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म को प्रमोट करने के लिए इसके मुख्य कलाकार विक्की कौशल और एम्मी विर्क जयपुर पहुंचे। आनंद तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एम्मी विर्क एकदम नए अंदाज में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म 19 जुलाई , 2024 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

फिल्म के प्रमोशन को लेकर दोनों कलाकारों ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया, जहाँ उन्होंने फिल्म, अपने किरदारों और इसे लेकर अपने अनुभवों के बारे में पत्रकारों से बातचीत की। अपने अनुभव बताते हुए विक्की कौशल ने कहा,卐मेरे लिए इस फिल्म की शूटिंग का अनुभव घर जैसा था, क्योंकि आनंद तिवारी और करण जौहर, जिनके साथ मैंने काम किया है, उन दोनों ने मुझे सेट पर काफी अच्छा माहौल दिया और कहानी भी बहुत अच्छी थी। मुझे फिल्म का कॉन्सेप्ट नया लगा और इसमें कॉमेडी भी नए तरीके से पेश की गई है।

फिल्म और अपने अनुभव पर बातचीत करते हुए, एम्मी विर्क ने कहा, 卐मेरे लिए फिल्म में काम करना बहुत अच्छा अनुभव रहा। फिल्म के ट्रेलर को लोगों के बहुत सराहा है। हमें उम्मीद है कि दर्शकों को फिल्म में हमारा काम और फिल्म दोनों ही पसंद आएँगे। इस फिल्म के लिए पूरी टीम ने खूब मेहनत की है,जिसकी झलक आपको फिल्म में देखने को मिलेगी।

बात करें फिल्म 'बैड न्यूज' की कहानी की तो यह फिल्म एक ऐसी लड़की की कहानी है जो एक रेयर मेडिकल कंडीशन का शिकार हो जाती है। इस कंडीशन की वजह से उसकी कोख में पल रहा बच्चा एक नहीं बल्कि दो अलग-अलग लड़कों का है। अब बच्चे का असली पिता कौन है इस सवाल पर लड़ाई शुरू होती है और डॉक्टर बताते है कि दोनों लड़के ही बच्चे के पिता हैं। इसके बाद एमी विर्क और विकी कौशल में झगड़ा शुरू हो जाता है और तृप्ति यह सोचने लगती है कि अगर चुनना ही है तो दोनों को यह साबित करना होगा कि कौन बेहतर बाप बनने के काबिल है। फिल्म तीनो कलाकारों के इर्द-गिर्द घुमती है और मज़ेदार ट्विस्ट सामने आते हैं।



# 'सेना पर सियासत' विषय पर संगोष्ठी 13 जुलाई को:कारगिल विजय ज्ञान यात्रा 2024 का भी होगा स्वागत

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से 13 जुलाई को 'सेना पर सियासत' विषय पर एक वार्ता का आयोजन किया जाएगा। जेएलएन मार्ग स्थित कलानेरी आर्ट गैलरी में शाम 5.30 इस वार्ता को सेवानिवृत्त कैप्टन मीरा दवे संबोधित करेंगी। इससे पहले सूरत से कारगिल तक जाने वाली कारगिल विजय यात्रा का भी स्वागत किया जाएगा। ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन के फाउंडर प्रमोद शर्मा ने बताया कि, कारगिल विजय ज्ञान यात्रा 2024 एक महत्वपूर्ण सड़क यात्रा है जिसे कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कैप्टन मीरा सिद्धार्थ दवे (सेवानिवृत्त) और सिद्धार्थ दवे ने अपनी कार में शुरू किया। इस यात्रा की शुरुआत सूरत में हुई है और इसका समापन द्रास, कारगिल में एक भव्य उत्सव से होगा। जयपुर से होकर यह यात्रा श्रीगंगानगर, अमृतसर, जम्मू और कश्मीर होते हुए द्रास पहुंचेगी। इस यात्रा के दौरान, कैप्टन मीरा सिद्धार्थ दवे और सिद्धार्थ दवे स्थानीय छात्रों, शिक्षाविदों और जनता से जुड़ेंगे। इनका उद्देश्य बहादुरी की कहानियों और सेना के योगदान से आमजन को परिचित कराना है। कारगिल सड़क यात्रा 26 जुलाई 2024 को एक भव्य उत्सव के साथ द्रास, कारगिल में समाप्त होगी। यह कार्यक्रम कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान का सम्मान करेगा और भारत की जीत की 25वीं वर्षगांठ मनाएगा।

# संसद में हिन्दुओं पर टिप्पणी के संबंध में माफी मांगे राहुल गांधी: हिन्दू संगठन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राहुल गांधी द्वारा संसद में हिन्दुओं पर अभद्र टिप्पणी की गई है तथा हिन्दू धर्म का मजाक बनाया गया है तथा हिंदुओं को हिंसक बोला गया। जो कि अत्यंत ही अशोभनीय है क्योंकि हिन्दू धर्म विश्व का एकमात्र धर्म है । जिसमें क्षमा, शान्ति व सहनशीलता तथा सर्वग्रहता को महत्व दिया गया है। हिन्दु धर्म अहिंसा परमो धर्म के आधार पर सदियों से चला आ रहा है, ऐसे में नेता प्रतिपक्ष भारत राहुल गांधी जो कि एक जिम्मेदार पद पर हैं उन्हें तुरंत पुरे विश्व के हिन्दु धर्म के अनुयायीयों से माफी मांगनी चाहिए क्योकि मेरे स्वयं के सहित सभी हिन्दुओं को अत्याधिक आहत हुआ है अन्यथा एक बड़ा आन्दोलन उनके खिलाफ किया जायेगा । हिन्दू समाज की आवाज बनी सरिता मित्तल ने कहा कि राहुल गांधी ने अगर माफी नहीं मांगी तो हिन्दू समाज बडा आंदोलन करेगा। वही सेवानिवृत्त कर्नल देव आनंद गुर्जर ने कहा कि राहुल गांधी जैसे नेता पर अपशब्द बोलने के लिए एफआईआर होनी चाहिए और कानून के तहत उन्हें जेल में होना चाहिए

इस मौके पर साधु संत भी मौजूद रहे। जिसमें धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडे और हनुमान मंदिर से महंत रामदास महाराज मौजूद रहे।

# चौबीस बीघा भूमि पर पॉच अवैध कॉलोनियों को किया पूर्णतः ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन जयसिंहपुरा खोर में करीब 06 बीघा भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-12 में निजी खातेदारी में करीब 18 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित जयसिंहपुरा खोर, जिला जयपुर में करीब 06 बीघा भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमति के प्राचीनतम बावडियों को नष्ट करके भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल, निर्माणाधीन ढ़ाँचे व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही बुधवार को जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बेगस, मानसिंहपुरा, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''ओजस्वी नगर-द्वितीय, तृतीय'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, सीमेन्ट के ब्लॉक का फर्ष व अन्य अवैध निर्माण को वफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सुभ्रमपुरा टी.टी. कॉलेज के पास जिला जयपुर में करीब 07 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी प्रकार जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित लोकेष टी.टी. कॉलेज के पास सभरामपुरा, भँभोरी के पास, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

# कचरे के ढेर में रोती मिली नवजात

## जालूपुरा में बड़ी मस्जिद के पास अलसुबह की घटना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जालूपुरा थाना इलाके में बुधवार अलसुबह एक कचरे के ढ़ेर में नवजात बालिका रोती मिली। पुलिस ने बालिका को जे के लोन अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर बालिका पूरी तरह से स्वस्थ है। थानाधिकारी ममता ने बताया कि बुधवार सुबह करीब चार बजे किसी ने सूचना दी कि बड़ी मस्जिद के पास कचरे के ढ़ेर में एक नवजात बालिका पड़ी है। सूचना पर मौके पर पहुंच कर नवजात को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी निगरानी रखी जा रही है। बालिका पूरी तरह से स्वस्थ है। बालिका एक कपड़े में लिपटी हुई थी। किसी ने बालिका के जन्म के साथ ही उसे कचरे में फेंक दिया। नवजात के आहार नाल भी थी। किसी ने अपनी नाजायज पैदाइश छिपाने के लिए इस कृत्य को अंजाम दिया है। मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। इस मामले में आस-पास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# बजट में जनता की उम्मीदें तोड़ने वाली भाजपा को सबक सिखायेगी राजस्थान की जनता: आप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान की भाजपा सरकार के पहले पूर्ण बजट को लेकर आम आदमी पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने भजन लाल सरकार पर साधा निशाना। पालीवाल ने बताया की राजस्थान की जनता को उम्मीद थी कि सरकार इस बजट में बिजली सब्सिडी शुरू करेगी,पेट्रोल डीजल सस्ता करेगी । लेकिन जनता की उम्मीद को जनविरोधी भाजपा सरकार ने तोड़ दिया। पिछले बार भाजपा ने दस हजार स्कूल बंद किए थे,इस बार महज पचास नए स्कूल खोलने का वादा किया है,भाजपा का शिक्षा विरोधी चेहरा सामने आ गया हैं। राजस्थान पुलिस में 60000 से ज्यादा पद खाली हैं,अस्पतालों में डॉक्टर्स के 27 प्रतिशत खाली है,आयुर्वेद और होम्योपैथी डॉक्टर्स के 50 प्रतिशत खाली है,पशु चिकित्सकों के 70 प्रतिशत खाली है, सिक्षा विभाग में 1.25 लाख पद खाली हैं,कई विभागों में 10 साल से भर्ती नही निकली है जिसके कारण हरियाणा के बाद राजस्थान में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हैं ।लेकिन इस बजट ने रोजगार की उम्मीद में बैठे युवाओं को भी निराश किया हैं। राजस्थान की जनता में इस बजट को लेकर भारी आक्रोश हैं। प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र यादव देव ने बताया भाजपा सरकार ने पहले बजट में जी अपना जनविरोधी चेहरा दिखा दिया हैं। भाजपा सरकार के बजट से युवा,महिला,किसान समेत हर वर्ग निराश और नाराज हैं ।लोकसभा चुनाव में मिली हार का बदला लेने के लिए भाजपा जनविरोधी बजट लेकर आई है,आगामी उपचुनाव और निकाय चुनाव में राजस्थान की जनता भाजपा को फिर सबक जरूर सिखायेगी।

# आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख रुपए ठगे

**जयपुर ( का.स. )।** करधनी थाना इलाके में आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। एएसआई प्रहलाद सिंह ने बताया कि सरदार सिंह गुर्जर ने मामला दर्ज करवाया कि उसके भाई को आर्मी में नौकरी लगाने का झांसा देकर तीन बदमाशों ने उस के 6 लाख रुपए हड़प लिए। सरदार सिंह ने मदन, रामवतार और शंकर के खिलाफ ठगी का आरोप लगाया है। 25 जुलाई 2022 को आरोपियों ने उस के छोटे भाई को आर्मी में नौकरी लगाने के नाम पर पैसा लिया। इसके बाद आरोपी आए दिन कोई ना कोई बहाना लगा कर समय निकल रहे थे। दो साल पूरे होने के बाद भी बदमाश यही आश्वासन दे रहे हैं कि जल्द नौकरी लग जाएगी। जब की उसका भाई ओवर एज हो चुका है।

# बुटीक संचालक पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने की फायरिंग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** महेश नगर थाना इलाके में बाइक सवार तीन बदमाशों ने स्कूटी सवार महिला का पीछा कर गंदे कमेंट किए। विरोध करने पर आरोपियों ने हवाई फायरिंग की। इससे युवती दहशत में आ गई। किसी तरह युवती बदमाशों से बचकर घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। इस पर परिजन उसके साथ घर पर पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गंगाविहार पुष्पाजंलि कॉलोनी निवासी अनिशा यादव ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक बुटीक चलाती है। 8 जुलाई की रात करीब 10 बजे वह बुटीक से घर लौट रही थी। इस दौरान बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसका पीछा किया और पीछा करने के साथ उस पर गंदे और भद्दे कमेंट किए। लगातार कमेंट से परेशान होकर उसने बदमाशों का विरोध किया तो बदमाशों ने हवाई फायर कर दिया। इससे वह बुरी तरह से डर गई। जांच अधिकारी एसआई मुकेश ने बताया कि मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच कर जांच कि तो वहां पर किसी प्रकार के बदूंक के खोल या अन्य कोई साक्ष्य नहीं मिले। इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश और युवती साथ चलते नजर आए है, लेकिन रात को बारिश होने और रोशनी के चलते बाइक के नम्बर सीसीटीवी कैमरें में स्पष्ट नजर नहीं आ रहे है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में लगी आग: बीस दमकलों ने डेढ़ घंटे में पाया आग पर काबू

**जयपुर ( का.स. )।** विश्वकर्मा थाना इलाके में देर शाम बुधवार को एक ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर वीकेआई, बनीपार्क, मानसरोवर, बाइस गोदाम और झोटवाड़ा से दमकलें मौके पर पहुंची और करीब डेढ़ घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपए का तैयार और कच्चा माल जल गया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार वीकेआई रोड नंबर 14 पर स्थित एक ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में बुधवार शाम करीब 5.51 बजे अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें करीब एक किमी दूर से नजर आ रही थी। फैक्ट्री से निकले धुएं के चलते आस-पास के लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ा। आग की सूचना पर वीकेआई से 9, बनीपार्क, मानसरोवर, बाइस गोदाम और झोटवाड़ा से 2-2 दमकल मौके पर पहुंची। इन दमकलों को पानी के लिए चक्कर भी लगाने पड़े। आग लगने के बाद पुलिस ने इलाके की विद्युत आपूर्ति भी बंद करवा दी।

एएसआई बजरंग सिंह ने बताया कि वीकेआई रोड नंबर 14 पर एक ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में जोरदार आग लग गई थी। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने के दौरान फैक्ट्री में काम चल रहा था। आग लगने पर सभी कर्मचारी सकुशल बाहर निकल आए। आग से कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रांसफार्मर में डाले जाने वाले ऑयल से चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था।

# स्कूल को बिजली का सामान एवं बेंच भेंट की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान आवासन मंडल कर्मचारी समिति सेक्टर-11, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर के अध्यक्ष इन्दरमल दानोदिया के निर्देशन में स्कूल महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-8 प्रताप नगर, जयपुर को बुधवार प्रात: बिजली के समान 6 पंखे एवं 25 एलइडी ट्यूबलाइट, स्विच 20, सैकिट 10, एलईडी वायर बंडल 5 एवं 2 एम.एम. वायर २ एवं बच्चों को ८0 बेंच आदि भेंट की गई।

मुख्य अतिथि पार्षद शंकर लाल शर्मा,वार्ड संख्या 103 एवं अध्यक्ष इन्दरमल दानोदिया बी.एल.पारीक, प्रताप चन्द सोनी, आदित्य शर्मा,बनवारी लाल विजय ,सुरेश गोयल मोयल एवं स्कूल के प्राचार्य कविता शर्मा,अनीता शर्मा,सोनिया पारवानी, अभिषेक शर्मा,ममता परेवा,मधुलता,रीना आदि उपस्थित रहे ।




# एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाले एक तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत विद्याधर नगर थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 02 ग्राम 33 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) दिगंत आनन्द ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने विद्याधर नगर थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाले अमन कुमावत (32) निवासी हरमाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 02 ग्राम 33 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स जब्त की है। आरोपित मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स आस पास में निवास करने वाले मजदूर एवं युवावर्ग को बेचता है। आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



# मॉडल ऑफ फेम बाय पिंक कॉन्सेप्टस की हुई ऑफिशियल अनाउंसमेंट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** फैशन और ग्लैमर के क्षेत्र में उभरती हुई मॉडल्स को प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से पिंक कॉन्सेप्टस की ओर से 'मॉडल ऑफ फेम' की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की गई। जयपुर में हुए कन्वर्सेशन ओवर कॉफी सेशन के दौरान फैशन मॉडल बबीता मीणा, ईरम फातिमा और श्वेता किराड़ को 'मॉडल ऑफ फेम बाय पिंक कॉन्सेप्टस' के टाइटल से नवाजा गया। फोर्टी विमन विंग की प्रेसिडेंट डॉ. अल्का गौड़, पिंक कॉन्सेप्टस के डायरेक्टर अमन वर्मा, फैशन डिजाइनर एवं एकेडमिशियन हर्षवर्धन सोनी, समाजसेवी योगेश खंडेलवाल, ज्वैलरी डिजाइनर इंद्रजीत दास, फैशन स्टाइलिस्ट एंड मेकअप आर्टिस्ट सूबिया खान, इमेज मेकओवर एक्सपर्ट पूजा जैन ने तीनों मॉडल्स को क्राउन और शैश पहनाकर और फ्लावर बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बेटी फाउंडेशन की ओर से राहुल शर्मा, राज शर्मा, एडवोकेट शिव जोशी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट में पेश किया 5 साल का विजन- सुरेश अग्रवाल

## फोर्टी ने बजट प्रसारण के लिए किए विशेष इंतजाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में प्रदेश का बजट पेश किया। इस बजट के लिए फोर्टी की ओर से अग्रवाल पीजी कॉलेज सभागार में विशेष इंतजाम किए गए। यहां बजट भाषण के सीधे प्रसारण के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई । बजट के बाद प्रतिक्रिया के लिए प्रदेश के सभी प्रमुख उद्योग और व्यापारिक सेक्टर के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसमें फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष आत्माराम गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ अरुण अग्रवाल, मुख्य सचिव नरेश सिंघल ,गिरधारी लाल खंडेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगदीश सोमानी, उपाध्यक्ष चानणमल अग्रवाल , अजय अग्रवाल, सुरेश सैनी, सीए डॉ अभिषेक शर्मा सचिव बने चंद जैन, एक्सपो चेयरमैन प्रशांत शर्मा, वुमन विंग अध्यक्ष डॉ अलका गौड़, महासचिव ललिता कुच्छल, उपाध्यक्ष पूजा रस्तोगी, सदस्य सोनिया बड़ाया शामिल हुए। इसमें सुरेश अग्रवाल ने कहा कि बजट में फोर्टी की ओर से दिए गए 80 प्रतिशत सुझावों को सरकार ने अपने बजट प्रावधानों में समाहित किया है। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने 5 साल के विजन को लेकर बजट पेश किया है। राजस्थान में औद्योगिक और व्यापार प्रोत्साहन के लिए रिप्स 2024 के साथ 5 नई नीतियों की घोषणा का स्वागत योग्य है। इसके साथ वेट ओर माइनिंग जैसे 5 विभागों में एमनेस्टी स्कीम की घोषणा भी सराहनीय है। पूर्व अध्यक्ष आत्माराम गुप्ता ने कहा कि प्रॉपर्टी पर स्टाम्प ड्यूटी कम करने से रियल एस्टेट सेक्टर को फायदा मिलेगा। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ अरुण अग्रवाल का कहना है कि रीको औद्योगिक क्षेत्र के करीब 1 किलोमीटर तक भू रूपांतरण के लिए रीको की अनुमति की आवश्यकता नहीं होने से औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। मुख्य सचिव नरेश सिंघल ने कहा कि जयपुर में 2 सौ करोड की लागत से अमृत ग्लोबल टेक्नोलॉजी और एप्लीकेशन सेंटर एक बेहतरीन बजट घोषणा है। मुख्य सचिव गिरधारी खंडेलवाल ने प्रदेश में क्लस्टर बेस्ड उद्योग प्रोत्साहन के लिए 7 इंडस्ट्रियल पार्क और हब राजस्थान के विकास को नई दिशा देंगे। चानणमल अग्रवाल ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर से सम्बन्धित कोई नहीं होने से निराशा है। डॉ अलका गौड़ ने कहा कि बजट में वित्त और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने बजट में टूरिज्म प्रमोशन के लिए कई प्रावधान किए हैं। नई पर्यटन नीति के साथ राजस्थान पर्यटन विकास बोर्ड के गठन की घोषणा स्वागत योग्य है। महासचिव ललिता कुच्छल का कहना है कि बजट में महिला वित्त मंत्री ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए घोषणा नहीं की लेकिन जयपुर में पीएम यूनिटी मॉल और राजस्थान मंडपम जयपुर को बजट की सौगात माना जा सकता है।



## स्वर्गीय संजय करनानी की स्मृति में विद्यालय में वाटर कूलर भेंट किया*



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर( सुरेश शर्मा )।** स्थानीय शाकम्भरी विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में फूसराज हरिप्रसाद करनाणी परिवार के द्वारा अपने पुत्र स्वर्गीय संजय करनाणी की स्मृति में विद्यार्थियों के लिए शीतल जल हेतु एक वाटर कूलर भेंट किया गया, जिसका आज करनाणी परिवार के द्वारा लोकार्पण कर शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य भरत गौड़ ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए करनाणी परिवार के द्वारा विद्यालय में एक वाटर कूलर भेंट किया गया, जिसका विधिवत शुभारंभ आज स्वर्गीय संजय करनाणी के बड़े भाई राज कुमार करनाणी एवं उनकी पत्नी पूजा करनाणी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रेरक लाल बहादुर सेवदा पार्षद, राहुल करनाणी, संगीता सोमानी, कनिका करनाणी, सुनिधि सोमानी आदि परिवार जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर पार्षद लाल बहादुर सेवदा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हमारे धन का इस्तेमाल जहां सदुपयोग हो वहीं कल्याणकारी कार्यों में करना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के द्वारा करनाणी परिवार के सदस्यों का प्रधानाचार्य भरत गौड़, दिव्या गौड़, स्वाति वैष्णव, ललिता जांगिड़, सुनील भोजक, प्रेम प्रकाश नाई और विद्यार्थियों ने तिलकार्चन कर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया एवं आभार पत्र भेंट किया।

## वी फाउन्डेशन और एरिकसन ने जयपुर में स्कूली छात्रों के लिए रोबोत्सव की घोषणा की

**जयपुर (का.स.)।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की सीएसआर शाखा वी फाउन्डेशन और मोइनी फाउन्डेशन 15 जुलाई को रोबोत्सव का आयोजन करने जा रहे हैं। रोबोत्सव एक अनूठा उत्सव है, जिसमें छात्रों को प्रतियोगिताओं एंव प्रदर्शनी की सीरीज़ के माध्यम से रोबोटिक्स और आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स (एआई) के बारे में अपनी समझ और कौशल को दर्शाने का मौका मिलेगा। इसका आयोजन जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया जाएगा। कक्षा 6 से 12 तक के छात्र रोबोत्सव में हिस्सा ले सकते हैं। जयपुर के छात्र रोबोटिक्स प्रतियोगिता एवं रोबोटिक्स प्रदर्शनी में भाग ले सकते हैं, वहीं ऑनलाईन निबंध लेखन प्रतियोगिता देश भर के छात्रों के लिए खुली है। जयपुर के स्कूल 222.tinyurl.com/robotsav पर विज़िट पर रोबोत्सव के लिए रजिस्टर कर सकते हैं वहीं देश भर के स्कूल 222.tinyurl.com/roboessay पर विज़िट कर ऑनलाईन निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। 15 जुलाई को होने वाले मुख्य आयोजन के लिए रजिस्ट्रेशन पहले-आओ, पहले-पाओ के आधार पर होगा। सभी रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क हैं।

## श्री श्याम शक्ति मंडल (ट्रस्ट) की बैठक आयोजित

**कोटपूतली( नि.स. )।** श्री श्याम शक्ति मंडल (ट्रस्ट) की बैठक अध्यक्ष श्याम लाल बंसल की अध्यक्षता में मोरीजावाला धर्मशाला के पास स्थित श्री श्याम मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक में ट्रस्ट के सदस्यों ने राज्य सरकार द्वारा देवस्थान विभाग में ट्रस्ट का पंजीयन होने पर हर्ष व्यक्त किया। ट्रस्ट के पदाधिकारी मनोज दीवान ने बताया कि देव स्थान विभाग के जयपुर कोर्ट न्यायालय ने श्री श्याम शक्ति मंडल कोटपूतली (ट्रस्ट) को ही इसकी चल अचल सम्पत्ति एवं नाम का वास्तविक हकदार माना है। वहीं प्रतिवादी पक्ष के दावे को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। साथ ही ट्रस्ट के पंजीयन का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। भविष्य में श्री श्याम शक्ति मंडल कोटपूतली के नाम का कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था उपयोग नहीं कर सकती। इसका दुरूपयोग करने की स्थिति में उन पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इससे पूर्व श्री खाटु श्याम बाबा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान ख्यालीराम सैनी, जगदीश सैनी, रमेश जिंदल, महेश बंसल, छाजुराम सैनी, बाबूलाल सैनी, अभिषेक बंसल, कैलाश सैनी, विजय गोयल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक साल पहले दी गई शिकायत के मामले में जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी शहर में स्थित सिटी प्राइड स्कूल की जांच करने पहुंचे

### उक्त मामले मे दोबारा शुरू हुई जांच में शिकायतकर्ता के कलमबध बयान लिए जांच अधिकारियों ने

बढ़ता राजस्थान

**देवली (नि.स.)।** राजस्थान सरकार की शिक्षा का अधिकार योजना का पूर्ण लाभ नहीं देने को लेकर एक साल पहले दी गई शिकायत के मामले में जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी शहर में स्थित सिटी प्राइड स्कूल की जांच करने पहुंचे । जानकारी के अनुसार बुधवार को मुख्य जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने यहां सिटी प्राइड स्कूल की मनमानी की मिली शिकायत के मामले की जांच फिर से शुरू कर दी है । इसलिए की गत वर्ष 18 अगस्त 2023 को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने इस मामले में दी गई शिकायत को झूठी मिथ्यहीन बताते हुए उपखंड अधिकारी को गुमराह करने की नीयत से झूठी रिपोर्ट सौंप दी थी । जिसका खुलासा सूचना अधिकार के तहत हुआ था। मामला यह है कि राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग की योजना (आरटीई ) में चिन्हित विद्यार्थियों को निजी स्कूल द्वारा नियम अनुसार पाठ्य पुस्तक एवं प्रवेश निशुल्क दिया जाना तय है। लेकिन शहर में चर्च रोड स्थित सिटी प्राइड स्कूल मैं इस योजना की पालना पूर्ण रूप से नहीं की जा रही थी। इस मामले में पात्र छात्रा के अभिभावक गोविंद सिंह ने गत वर्ष 2023 को देवली उपखंड कार्यालय में शिकायत दर्ज करवा दी थी। इसको लेकर उक्त दौरान उपखंड अधिकारी ने स्थानीय ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को मिली शिकायत के मामले में निष्पक्ष जांच कर तीन दिवस के भीतर रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी कर दिए थे। ऐसे मे उक्त दौरान जांच अधिकारी ने उक्त निजी स्कूल के विरुद्ध कार्रवाई करने की बजाए । शिकायतकर्ता की शिकायत को झूठी मिथ्याहीन आधारहीन जांच रिपोर्ट में बताया और मनगढ़ंत झूठी रिपोर्ट में उपखंड कार्यालय को पेश कर दी थी । इस मामले का खुलासा होने पर। शिकायतकर्ता अभिभावक गोविंद सिंह ने उपखंड अधिकारी को इस मामले में फिर से निष्पक्ष जांच करवाने का आग्रह किया था। इस पर उक्त दौरान 6 सितंबर 2023 को उपखंड अधिकारी कार्यालय ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय टोंक को उक्त मामले में फिर से दोबारा निष्पक्ष जांच करने के लिए पत्र लिखा एवं अभिभावक को जांच रिपोर्ट से अवगत करवाने के निर्देश जारी कर दिए थे। ऐसे में उक्त मामले को लेकर जिला शिक्षा विभाग द्वारा जांच किए जाने मे ढिलाई बरती जा रही थी । इसको लेकर शिकायतकर्ता अभिभावक को आशंका हुई की कहीं ना कहीं उक्त मामला ठंडे बस्ते डाल दिया गया है । इस पर शिकायतकर्ता अभिभावक गोविंद सिंह ने मुख्य जिला कार्यालय में 12 मार्च 2024 को सूचना अधिकार के तहत आवेदन किया। और जानकारी मांगी की कार्यालय उपखंड अधिकारी देवली टोंक के क्रमांक पत्र 2023 ऑब्लिक 2202 के मामले में आपके कार्यालय द्वारा क्या कार्रवाई की गई हैं जिसकी प्रमाणित नकल सूचना अधिकार के तहत उपलब्ध करवाई जावे । इस पर मुख्य जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों की नींद खुली और फिर से उक्त मामले में बुधवार को यहां पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि कछुआ गति से उक्त मामले की जांच की जा रही है। अब देखना यह है कि। मुख्य जिला शिक्षा विभाग राज्य सरकार की शिक्षा का अधिकार योजना में हो रही धांधली के मामले की जांच कितनी निष्पक्ष कर पाते हैं। गौरतलब है कि

अभिभावक गोविंद सिंह ने 20 जुलाई 2023 को देवली उपखंड कार्यालय पहुंचकर उपखंड अधिकारी को उक्त स्कूल की मनमानी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए लिखित शिकायत दर्ज करवाई । जिसे उपखंड अधिकारी ने सीबीओ को जांच के लिए सौप दी। यहां आरटीई के पात्र अभिभावक ने उपखंड अधिकारी को शिकायत पत्र में मामले से जुड़े साक्ष्य सबूतो का हवाला देते हुए में बताया कि राजस्थान सरकार की शिक्षा का अधिकार आरटीई में उनकी बालिका का चयन लॉटरी संख्या 28 की रिपोर्टिंग संख्या 4 सिटी प्राइड स्कूल में हुआ है। जिसे स्कूल प्रशासन ने आरटीई योजना का पूर्ण लाभ दिए जाने से साफ इनकार कर दिया है। तो वही निजी स्कूल प्रशासन ने आरटीई की जारी गाइडलाइन की पालना भी नहीं कर रहा है। इस मामले को लेकर 1 साल बाद फिर से जांच शुरू हो गई है।

## भाविप का 62वां स्थापना दिवस गौसेवा व वृक्षारोपण कर मनाया



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** बुधवार को भाविप के 62 वें स्थापना दिवस पर श्री गांधी गौ शाला टोंक में पांच सो से अधिक गौ धन गौ माता को लापसी दलिया व हरा चारा खिलाया गया ।

इस अवसर पर श्री राम निवास जी महाराज राम द्वारा टोंक का सानिध्य प्राप्त हुआ । महाराज जी ने गौ सेवा का महत्व बताते हुए इसे वर्तमान युग की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। वरिष्ठ गौ सेवक अभय मल बम ने भारत विकास परिषद के गौ सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए निरन्तर गौ सेवा का आह्वान किया । मंच संचालन करते हुए महेश शर्मा गुरुजी ने परिषद की कार्य पद्धति व सेवाकार्य के बारे में बताया । उपस्थित सदस्यगण ने अपने हाथों से गौ ग्रास व हरा चारा खिलाने का पुण्यार्जन किया। इसी दिन गौ शाला परिसर में एक वृक्ष अपने प्रिय के नाम वृक्षारोपण का भी शुभारंभ राम जी महाराज द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर अशोक कासलिवाल, हितेष कुमार, रमेश काला, राधेश्याम शर्मा, राम प्रसाद शर्मा, सुमन काला, निमेश जैन, गीता गुप्ता, रोहिताश कुमावत, गोविंद शरण गुप्ता,डा अमर दीप जैन, बाबू लाल उपाध्याय, घनश्याम अरोड़ा, गौरव सोनी, डा प्रदीप गहलोत, आकाश जैन सीए, एम के जैन, बंशीधर शर्मा, अनिल कक्कड कुशल माहेश्वरी, हरवंश शर्मा, प्रकाश सोनी पटवारी, राजेशजैन, लेखराज महावर, दशरथ कुमार,मोनू स्वामी, अजय डोई, विक्रम कुमार, शैतान सिंह, सागर बैरवा सहित गौ सेवकों ने गौ सेवा की ।

## विधुत निगम कार्मिकों के लिये पूरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत जीपीएफ खाता आवंटित किये जाने की मांग

### मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( नि.स. )।** राजस्थान विधुत तकनीकी कर्मचारी एशोसिएशन के बैनर तले प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जांगिड़ के नेतृत्व में विधुत निगम के तकनीकी कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम बृजेश चौधरी व एईएन सचिन भाटी को चार सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में एईएन अमित ढ़ाका, सचिन भाटी, सुभाष यादव, अजय कुमार, दिलीप शर्मा, विवेक सैनी, मोहन लाल, सवाई सिंह जाट, सुमित सिसोदिया, शांति स्वरूप गुर्जर, कृष्ण कुमार, विष्णु सिंह शेखावत समेत अन्य कार्मिकों ने बताया कि राज्य सरकार ने पांचों विधुत निगम के कर्मचारियों के लिये पूरानी पेंशन योजना के आदेश जारी किये है। जिसके तहत पूरानी पेंशन योजना का विकल्प चुनने वाले सेवानिवृत कर्मचारियों के जीपीएफ खाता संख्या आवंटित कर पेंशन जारी की जा चुकी है एवं 2023 के बाद नियुक्त कार्मिकों के भी जीपीएफ खाता आवंटित कर दिये गये है। लेकिन सेवारत कर्मचारियों की ना तो सीपीएफ कटौती बंद हुई एवं ना ही जीपीएफ खाता आवंटित हुआ है। जिससे कार्मिकों में गहरा रोष व आक्रोश व्याप्त है। अत: तुरन्त प्रभाव से जीपीएफ खाता आवंटित किया जायें। साथ ही राजस्थान सरकार के कर्मचारियों के समान ही आरजीएचएस योजना से जोड़ा जायें, आईटीआई होल्डर को ज्वाईंग डेट से 2400 रूपये ग्रेड पे दी जायें एवं तकनीकी कर्मचारियों को हार्ड ड्युटी अलाउंस भी जारी किये जायें। उक्त मांगों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई तो आगामी 24 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन व 21 अगस्त को जयपुर में विधुत भवन का घेराव किया जायेगा।



## सरोज यादव बनी राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (भामस) की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( नि.स. )।** कोटपूतली के ग्राम पवाना अहीर की बेटी सरोज यादव को राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (भामस) का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। प्रवक्ता -रामकरण यादव ने बताया कि महिला अस्पताल जयपुर में नर्सिंग आफिसर के पद पर कार्यरत सरोज यादव को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामवीर सिंह सोलंकी ने राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी घोषित करते हुए राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ (भामस) का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। महिलाओं की आवाज को बुलंद करने वाली जुझारू व कार्यकर्ताओं की प्रेरणा स्त्रोत सरोज यादव को मिली नई जिम्मेदारी के लिए सरपंच पूरणमल खटीक, पंसस प्रतिनिधि मनोज मीणा व प्राचार्य महेश चंद यादव सहित ग्राम वासियों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रकट की है।

## बजट में युवा और महिलाओं का रखा गया विशेष ध्यान- नीलम मित्तल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** बीएनआई एरिया डायरेक्टर नीलम मित्तल का कहना है कि इस बजट को यूथ आधारित बजट कहा जा सकता है। वित्त मंत्री दिया कुमारी ने युवाओं के लिए स्टेट स्किल पॉलिसी, अटल एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम में युवाओं को फंडिंग की घोषणा की है। मां योजना में बच्चों के इलाज के लिए पीडिएट्रिक पैकेज, सभी 2 सौ विधानसभा में आयुष्मान मॉडल सीएचसी के लिए 125 करोड़ का पैकेज भी स्वागत योग्य है। महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना का दायरा 5 लाख से बढ़ाकर 15 लाख महिलाओं तक करने से प्रदेश की ज्यादा महिला उद्यमियों को इसका लाभ मिलेगा।

## मंदिर के पुजारी को जान से मारने की धमकी, ब्राह्मण समाज का कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरना

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** निकटवर्ती ग्राम राजगढ़ में स्थित मदन मोहन मंदिर के पुजारी धर्मेन्द्र दाधीच ने मंदिर के अध्यक्ष करणवीर सिंह और उनके साथी गुलाब चंद मीणा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। दाधीच का कहना है कि उन्हें उनके पुजारी के अधिकार से वंचित किया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि करणवीर सिंह पिछले 5 वर्षों से मंदिर की संपत्ति का उपयोग अपने निजी आय के रूप में कर रहे हैं और मंदिर की जमीन पर कब्जा जमा लिया है। गांव वालों ने भी इस मामले में पुजारी का समर्थन किया है और मांग की है कि मंदिर के ताले खुलवाकर दर्शन कराए जाएं।

ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने मंदिर पर ताला लगा दिया है और पुजारी को पूजा करने से रोका जा रहा है। इस तरह का व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

उन्होंने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और करणवीर सिंह व उनके साथी गुलाब चंद के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। यदि पुजारी को न्याय नहीं मिला तो बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा।

पुजारी समाज के अध्यक्ष रम्मू पंडित ने कहा कि पुजारियों के साथ न्याय हो और मंदिर की सेवा का अधिकार दिया जाए।

इस अवसर पर भारत उपाध्याय, बुद्धि प्रकाश दाधीच, रोहित दाधीच, नेमीचंद शर्मा, रूपनारायण दाधीच, राजेंद्र दाधीच, लोकेश, महावीर दाधीच, मनमोहनशर्मा, आनन्द शर्मा,सहित अन्य पुजारी उपस्थित थे।

## जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का कनिष्ठ सहायक बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय की विशेष अनुसंधान विंग (एसआईडब्ल्यू) ने बुधवार देर रात को कार्रवाई करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) उपखण्ड-द्वितीय सांगानेर जयपुर के कनिष्ठ सहायक हिमांशु मुद्गल को परिवादी से बीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की विशेष अनुसंधान विंग (एसआई डब्ल्यू) जयपुर को परिवादी ने शिकायत दी कि पानी के कनेक्शन की फाइलें पास करवाने की एवज में कनिष्ठ सहायक हिमांशु मुद्गल की ओर से प्रति फाइल सौ रुपये के हिसाब से कुल 20 हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है।

जिस पर एसीबी की विशेष अनुसंधान विंग (एसआईडब्ल्यू) जयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ललित किशोर शर्मा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) के कनिष्ठ सहायक हिमांशु मुद्गल को बीस हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी कनिष्ठ सहायक स्वयं ही परिवादी की दुकान पर रिश्वत लेने आया और एसीबी टीम द्वारा पकड़ा गया।



## पेपर लीक मामला:फरार आरोपित सुरेश कुमार ढ़ाका के खिलाफ एक और मुकदमा होगा दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की ओर से पेपर लीक करवाने वाले एक गिरोह के सरगना सुरेश ढाका के खिलाफ एक और मामला दर्ज कराने जा रही है।

इसके अलावा आरोपित सुरेश कुमार ढ़ाका के गाँव गंगासरा (सांचौर) की सम्पत्ति कुर्क होने की कार्रवाई पूर्ण हुई है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी राजस्थान, जयपुर वी. के. सिंह ने बताया कि आरोपित सुरेश कुमार ढ़ाका के गाँव गंगासरा (सांचौर) की सम्पत्ति कुर्क होने की कार्रवाई पूर्ण हुई है। साथ ही उदयपुर के न्यायालय में फरार सुरेश कुमार ढ़ाका के खिलाफ अलग से एक और प्रकरण दर्ज करने का प्रार्थना पत्र जांच अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसओजी प्रकाश कुमार शर्मा के द्वारा विशेष लोक अभियोजक भंवर सिंह चौहान के मार्फत पेश किया गया। जिस पर 18 जुलाई को सुनवाई होगी।

# उपखंड स्तरीय ब्लॉक अभिसरण समिति की बैठक आयोजित उपखण्ड अधिकारी ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,( नि.स. )।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत गठित उपखंड स्तरीय ब्लॉक अभिसरण समिति की बैठक का आयोजन उपखंड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को किया गया। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ अन्य सहयोग विभागों के अन्तर्विभागीय समन्वय पर चर्चा की गई। इस सम्बंध में उपखण्ड अधिकारी साधना शर्मा ने बताया कि ब्लॉक धौलपुर में 12 आंगनबाड़ी केंद्र ऐसे हैं जो भवन विहीन है उक्त केंद्रों हेतु नि:शुल्क भूमि के पट्टे जारी करने, पेयजल विहीन 26 आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था तथा 11 केंद्रों के हैंडपम्प की मरम्मत कराए जाने के विकास अधिकारी धौलपुर को निर्देश दिए। इसके अलावा बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्र हेतु निकटतम विद्यालयों में शिफ्टिंग के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई की जावे। जो आंगनवाड़ी केंद्र अभी भी विद्युत विहीन है उनके विद्युत कनेक्शन कराए जाए। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयरन फोलिक एसिड टेबलेट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा मातृ शिशु स्वास्थ्य दिवस का माइक्रोप्लान शेयर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा संपूर्ण गर्भकाल के दौरान उस महिला की नियमित निगरानी की जाये एवं उड़ान योजना में सेनेटरी नैपकिन वितरण की नियमित मोनिटरिंग की जाये। बैठक में विकास अधिकारी शिवदत्त गोस्वामी, बीसीएमओ हरिओम जाटव, एईएन पीएचईडी कृष्णकांत, सीडीपीओ भूपेश गर्ग सहित अन्य उपस्थित रहे।

# नारायणपुर को मिली नगर पालिका की सौगात, विधायक देवी सिंह ने जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( नि.स. )।** राज्य सरकार ने अपने पहले पूर्ण बजट में बानसूर विधानसभा में 17 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से दो सड़कों के निर्माण की घोषणा की है।बानसूर विधानसभा क्षेत्र के कराना से बिलाली स्टैंड तक वाया बड़ा गांव, बिलाली तक 8.5 किलोमीटर, 8 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से तो वहीं हाजीपुर से हरसौरा तक वाया गुवाडा, चूला, बावली का बास तक 13 किलोमीटर की सड़क 9 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से निर्माण की घोषणा की है। ग्रामीणों ने इन सड़कों के निर्माण की घोषणा के लिए उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी व स्थानीय विधायक देवी सिंह शेखावत का आभार जताया हैं। इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बजट में बानसूर विधानसभा के नारायणपुर ग्राम पंचायत को बड़ी सौगात दी है। बजट में नारायनपुर ग्राम पंचायत को नगरपालिका बनाने की घोषणा की गई है। जिससें क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय विधायक देवी सिंह शेखावत ने बजट में किए गए विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की घोषणाओं के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। तों वहीं वसुंधरा राजे समर्थन मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा ने कहा कि बजट प्रभावी विकास, रोजगार मुखी व हर वर्ग के हितों को साधने वाला है।

## आयुष्मान अलवर अभियान...

# स्वस्थ दीर्घायु जीवन हेतु आयुर्वेद के उपयोग एवं महत्व की दी जानकारी औषधीय पौधों का किया रोपण



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आमजन का स्वस्थ- दीर्घायु जीवन हो, इसी उद्देश्य के निमित्त जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट अलवर द्वारा संचालित 'आयुष्मान अलवर अभियान' के तहत बुधवार दिनांक 10 जुलाई बुधवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इंद्रगढ़, अलवर में ट्रस्ट के संयोजक डॉ.पवन सिंह शेखावत ने आयुष्मान अलवर अभियान के परिचय एवं उद्देश्य कि जानकारी देते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों एवं उपस्थित स्टॉफ सदस्यों को स्वस्थ दीर्घायु जीवन में आयुर्वेद के उपयोग एवं महत्व की जानकारी देते हुए बताया की स्वस्थ व्यक्ति आयुर्वेद स्वस्थवृत की पूर्ण पालना सुनिश्चित कर अपने आपको स्वस्थ ही बनाए रख सकता है। दूसरी ओर रोगी व्यक्ति दुष्प्रभावरहित स्थाई उपचार आयुर्वेद से प्राप्त कर सकते हैं और इन सबसे महत्वपूर्ण आयुर्वेद रसायन का उपयोग कर जरावस्था का प्रतिकार भी कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. शेखावत द्वारा वर्षा ऋतुचर्या में होने वाले रोग, उनसे बचाव के उपाय और इस ऋतु में उचित आहार विहार की जानकारी उपस्थित लोगो को दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पूर्व में विकसित किए गए औषधि उधान के विस्तार हेतु ट्रस्ट की ओर से 101 औषधीय पौधे सहजन, अमलतास, नीम, जामुन , अर्जुन इत्यादि का रोपण विधार्थियों और समस्त स्टॉफ के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक पुष्पा मीना ने ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे आयुष्मान अलवर अभियान एवं औषधीय पादप रोपण कार्यक्रम की सराहना करते हुए ट्रस्ट के संयोजक डॉ पवन सिंह शेखावत का हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक गण मृदुल गोस्वामी, रीता तनेजा, संजीव पंचोली, राजेंद गुप्ता, कुमार गौरव, रामकुमार मीना, रश्मि मीना, विनित इकदाया , जितेंद्र यादव इत्यादि उपस्थित रहें।

## शहर के अलग-अलग क्षेत्र से गायब हुई दो महिलाएं, परिजनों ने कराया मामला दर्ज

# मास्टर कॉलोनी से गायब हुई विवाहिता तो गुमट से युवती गायब

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर,(नि.स.)।** शहर के अलग-अलग क्षेत्र से एक विवाहिता के साथ एक अविवाहित युवती के गायब होने का मामला सामने आया है। ऐसे में मामले को लेकर परिजनों द्वारा कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दी गई है। पुलिस द्वारा गुमशुदगी का मामला दर्ज कराते हुए मामले की जांच और गायब युवती एवं विवाहिता की तलाश की जा रही है। कोतवाली थाने के एसआई जगदीश सागर ने बताया कि शहर के मास्टर कॉलोनी निवासी मुकेश कोली ने रिपोर्ट दी है कि उसकी विवाहित पुत्री सपना घर से 16 जून से गायब है। जिसकी तलाश में उसने आसपास के स्थानो के साथ रिश्तेदारों और कुछ लोगो द्वारा बताए गए स्थान पर जाकर तलाश की लेकिन उसकी बेटी का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।


## राजस्थान परिवर्तित बजट 2024-25 में अलवर जिले को मिली सौगाते

# अलवर को मिलेगा बायोलॉजिकल पार्क, सिलीसेढ़ से शहर तक आएगा पानी, पॉलिटेक्निक कॉलेज में सीटें बढ़ेंगी; पांडुपोल में ई-व्हीकल पॉलिसी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राज्य सरकार के पहले पूर्णकालिक बजट में अलवर क्षेत्र में पानी की समस्या के समाधान पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही पर्यटन को देखते हुए भी कई नवाचारों की घोषणा हुई है। घोषणाओं में सिलीसेढ़ से अलवर तक पाइप लाइन से पानी लाने के लिए 26 करोड़ प्रस्तावित किए गए हैं। नटनी का बारां से जयसमंद बांध तक नहर से पानी आएगा। नहर के जीर्णोद्धार के लिए 40 करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रदेश में दो जगहों पर बड़े एनीकट बनेंगे। जिस पर 8 करोड़ खर्च होंगे।

इसमें एक अलवर शहर के भाखेड़ा बांध के पास एनीकट बनेगा। वहीं शहर के पास में 25 करोड़ रुपए की लागत से बायोलॉजिकल पार्क बनेगा। इसके अलावा रूपारेल व साहबी सहित तीन नदियों के रिनोवेट पर करीब 30 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं अलवर में रसोई गैस के घरेलू कनेक्शन दिए जाएंगे। शिशु वार्ड को शिशु विभाग में तब्दील किया गया है। जिससे शिशु अस्पताल में इन्फ्रास्ट्रक्चर व स्टाफ बढ़ जाएगा। चंबल की वृहद योजना में अलवर को जोड़ा गया है। यह पुरानी योजना है। अलवर शहर के विधायक व वन मंत्री ने पानी की समस्या के समाधान पर फोकस किया है।



**राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में पेश राजस्थान परिवर्तित बजट 2024-25 में अलवर जिले को विभिन्न सौगातें मिली है जो निम्न प्रकार से है।**

- अलवर में 25 करोड़ रूपये की लागत से बायोलोजिकल पार्क की स्थापना की जाएगी।
- राजस्थान बजट 2024-25 के तहत चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना में अलवर, भरतपुर, कोटपूतली-बहरोड, खैरथल-तिजारा में 5 हजार 374 करोड रूपये की राशि से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कार्य कराए जाएंगे।
- सिलीसेढ क्षेत्र के ट्यूबवेल व पाइप लाइन के माध्यम से अलवर शहर को पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 23 करोड 26 लाख रूपये के कार्य कराए जाएंगे।
- अलवर के भाखेडा तथा बहरोड के खापरिया (खौहरी) एनीकट का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य कराया जाएगा।
- अलवर अस्पताल में शिशु विभाग का उन्नयन किया जाएगा।
- आईटीआई अलवर में थ्री डी पप्रिंटिंग , इन्टरनल ऑफ थिग्स, फाइबर टू होम टेक्निशियन, मल्टीमीडिया, एनीमेशन टेऊड प्रारम्भ कराई जाएगी।
- महिलाओं को अतिरिक्त सुविधा एवं सुरक्षा देने के लिए अलवर में गैस पाइप लाइन बिछाकर गैस कनेक्शन जारी किए जाएंगे।
- अलवर के कठूमर में कन्या महाविद्यालय खोला जाएगा।
- अलवर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में सीट क्षमता की वृद्धि की जाएगी।
- कठूमर के जावली में 220 केवी जीएसएस का निर्माण कराया जाएगा।
- कठूमर के सौंकरी में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किया जाएगा।
- सरिस्का से पाण्डुपोल तक ईवी बेस्ड ट्रांसपोर्ट सिस्टम शुरू किया जाएगा।
- सरिस्का को ईको सेन्सेटिव जोन के रूप में चिन्हिकरण कर मास्टर प्लान बनाया जाएगा।
- 35 करोड रूपये की लागत से स्टेट हाईवे-25 से केसरपुर बल्लाणा-जाटोली-इम्टीपुरा-बालेटा-पूनखर-मीन भगवान मंदिर-राजगढ बाईपास आरओबी तक सडक चौडाईकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य कराया जाएगा।
- 20 करोड़ रूपये की लागत से भनोखर-कांटवाडी-गढी-सवाईराम-रामसिंहपुरा-परबैणी सडक निर्माण कार्य कराया जाएगा।
- वायु की गुणवत्ता के पर्यवेक्षण के लिए अलवर में अर्ली वार्निंग सिस्टम विकसित किए जाएंगे।
- अलवर के रैणी में जर्जर छात्रावास का पुनर्निमाण किया जाएगा।
- कठूमर (अलवर) व तिजारा में देवनारायण बालिका छात्रावास बनाया जाएगा।
- राज्य की नगरीय निकायों में विद्युत लाइनों को अंडर ग्राउंड किया जाएगा।
- शहरों में ड्रेनेज, जल संरक्षण, जन सुविधा व सामुदायिक कार्य तथा अल्पआयु वर्ग के लिए आवास निर्माण संबंधी कार्य कराए जाएंगे।
- राज्य के नगरीय क्षेत्रों के बाजारों एवं पब्लिक पैलेस में महिलाओं के लिए बायो/पिंक टॉयलेट कॉम्पलेक्स बनाए जाएंगे।
- रीको के औद्योगिक क्षेत्रों में 175 करोड रूपये की लागत से आधारभूत सुविधाओं के कार्य कराए जाएंगे।
- प्रदेश की बावडियों के पुनरूद्धार के कार्य कराए जाएंगे।
- दिवाली, होली, शिवरात्रि एवं रामनवमी पर मंदिरों में विशेष साज-सज्जा व आरती के कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे।
- वन से होने वाले लाभ स्थानीय निवासियों को प्राप्त हो सके इस दृष्टि से ज्वाइंट फोरेस्ट मैनेजमेंट कमेटी को सशक्त करते हुए वन धन कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जाएगी।



# दूध का झरना

अलवर में बुधवार शाम को अचानक आई तूफानी बारिश से पूरा शहर जल मग्न हो गया वहीं बाला किला के पहाड़ों से झरना ऐसे बहने लगा मानो दूध का दरिया तूफान बन के बह रहा हो। अरावली की वादियों में बसे इस पर्यटन स्थल की यह शानदार तस्वीर ली हमारे छायाकार राहुल कुमार ने।

# नगर निगम महापौर और नगर निगम कमिश्नर ने शहर की सफाई व्यवस्थाओं का लिया जायजा



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शहर की सफाई व्यवस्था और नाला सफाई का जायजा लेने के लिए बुधवार को नगर निगम महापौर घनश्याम गुर्जर और निगम आयुक्त डॉ बजरंग सिंह चौहान ने शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश चंद्र और सेक्टर प्रभारी राकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

नगर निगम महापौर और आयुक्त ने काली मोरी पुलिया और पुराने काली मोरी फाटक के आसपास नाला सफाई का जायजा लिया और दुकानदारों व ठेली वालों को सड़क पर कचरा नहीं डालने के लिए पाबंद किया। इसके अलावा जोन प्रभारी को निर्देशित किया गया कि सड़क पर कचरा डालने वाले दुकानदारों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पेनल्टी वसूली जाए।

इस दौरान महापौर और आयुक्त ने रूपबास स्थित जगन्नाथ जी के मंदिर में लगने वाले मेले से पूर्व सफाई आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित जोन प्रभारी को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

नगर निगम आयुक्त डॉक्टर बजरंग सिंह चौहान ने बताया कि शहर में मानसून को देखते हुए सभी बड़े नाले पर सफाई के लिए अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था की गई है और सभी जोन प्रभारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं कि नाला सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किया गया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महा अभियान के तहत सरमथुरा में सहेली किरण राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा करने एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा छायादार, फलदार वाले पौधे लगाकर इनके संरक्षण का संकल्प लिया। राजीविका के ब्लॉक परियोजना प्रबंध ओमवीर सिंह ने बताया कि पौधारोपण द्वारा ही ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सकता है एवं पर्यावरण को बचाने में सहयोग किया जा सकता है। उन्हांने बताया कि पौधारोरण ही जीवन का आधार है जिसमें राजीविका क्लस्टर मेनेजर सपना देवी द्वारा समूह की महिलाओं के साथ पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि राजीविका की महिलाओं द्वारा अभी तक 600 पौधे लगा दिए है एवं आगे भी पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है जिसमें खरोली, पवेनी, चन्द्रावली, बिझौली, बटीकरा, मड़ासिल आदि पंचायतों में पोधारोपण का कार्य किया जा रहा है इस पौधारोपण महाअभियान में राजीविका के ब्लॉक प्रबंधक ओमवीर सिंह, क्लस्टर मेनेजर सपना देवी, एमआईएस सलीम खान, तकनिकी सहायक सौरभ एवं समूह की महिलाओं ने भाग लिया।

## जिला शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# भीड़ प्रबन्धन में वॉलन्टियर्स की महती भूमिका : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( नि.स. )।** आगामी दिनों में मनाये जाने वाले त्योहारों पर शांति-व्यवस्था, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला शांति समिति सदस्यों, विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों तथा धार्मिक संगठनों के धर्मगुरुओं के बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी दिनो में मोहर्रम के अवसर पर ताजियों का आयोजन होना है। जिले में शांति, सौहार्द एवं सद्भाव बनाए रखना हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ताजिए निकालने के लिए रूट एवं समय सीमा का निर्धारण प्रशासन के साथ आम सहमति से किया गया है। ताजिये निकलने के दौरान वॉलिंटियर्स को सकारात्मक सोच के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित करें। मौके पर भीड़ के प्रबन्धन एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए वॉलन्टियर्स की महती भूमिका होती है। धार्मिक आयोजक व्यवस्था बनाए रखने हेतु कुशल वॉलन्टियर्स तैयार रखे एवं शान्ति और सदभाव बनाये रखने हेतु पुलिस व प्रशासन का सहायोग करें। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य अपने-अपने क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन, उत्सवों के दौरान सौहार्द बनाए रखने में मददगार बने। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन को देखते हुए क्षेत्र में आमजन को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी पैदा नहीं हो इसके लिए समिति के सदस्य नजर रखे। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगा, ताजियों के रूट की वीडियोग्राफी करवाई जायेगी। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर पुलिस को सूचना दे। सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी पर्व एवं त्यौहार मनायें। मोहर्रम पर ताजिये निकालने के दौरान क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनी रहे तथा साम्प्रदायिक सद्भाव में कमी ना हो इसके लिए सभी अलर्ट मोड में रहे। किसी अप्रिय घटना की जानकारी मिलने पर जिला एवं पुलिस प्रशासन को तत्काल प्रभाव से जानकारी दें व अफवाहों से दूर रहे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, उप पुलिस अधीक्षक तपेन्द्र मीना सहित विभिन्न धार्मिक प्रतिनिधि एवं शान्ति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# इको क्लब के हरे-भरे अभियान में एसपी धौलपुर की शिरकत

## शहर के बालिका विद्यालय में किया पौधरोपण, बालिकाओं से अपील, जरूर लगाए पौधे

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी/धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** शहर में इको क्लब द्वारा लगातार पौधारोपण का अभियान चलाया जा रहा है। पिछले एक महीने में इको क्लब के पदाधिकारी द्वारा शहर के युवाओं के सहयोग से पौधारोपण और अभियान में पर्यावरण को लेकर जागरूकता के प्रयास जारी हैं। इसी के चलते अब तक शहर का ईको क्लब बाड़ी उपखंड क्षेत्र में अलग-अलग स्थानो पर करीब 5000 पौधे लगा चुका है। पौधारोपण के इस अभियान में आज धौलपुर एसपी सुमित महरेड़ा ने शहर के गर्ल्स इंटर कॉलेज में पहुंच ईको क्लब के सहयोग से बालिकाओं के बीच पौधारोपण किया और सभी को पौधे लगाने की अपील की। एसपी सुमित महरेड़ा ने बताया कि ईको क्लब ने पर्यावरण को लेकर जरूरत के हिसाब से एक बड़ी मुहिम शुरू की है।आज सभी का वृक्षारोपण पर फोकस है क्योंकि पर्यावरण लगता बिगड़ रहा है। ऐसे में इको क्लब की इस मुहिम में आम लोग सहयोग करे तो इसे सफल बनाया जा सकता हैं। जिसको लेकर उन्होंने पौधारोपण के दौरान स्कूल की सभी गर्ल्स और स्कूल के स्टाफ से एक-एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील की। एसपी सुमित महरेड़ा ने पौधारोपण से पूर्व स्कूल में सीनियर क्लास का निरीक्षण किया और बच्चों को टीचिंग दी। इस दौरान स्कूल की कुछ बालिकाओं ने उनसे रोड से गुजरने वाले तेज हॉर्न वाहनों और बजरी से भरे ट्रैक्टरों द्वारा तेज साउंड करने की शिकायत की। जिस पर उन्होंने तुरंत बालिकाओं को मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया और उसी वक्त सूचना देने की कहा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेखा यादव ने जिला कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर सतीश चंद के मार्गदर्शन में बुधवार को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया। सचिव रेखा यादव ने बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन, नाश्ता, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सीय सुविधाएं व रसोईघर, बैरक, इत्यादि का जायजा लिया गया। कारागृह के रसोई घर में पहुंचकर खाने की गुणवत्ता को देखा तथा किचन की साफ-सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने जेल में बंदियों से उनके प्रकरण के बारे में जानकारी ली तथा जेल में महिला बन्दियों से रूबरू होकर उनकी स्थिति का जायजा लिया तथा उनके प्रकरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में कैंटीन एवं वी.सी. रूम के संचालन की व्यवस्थाओं को देखा। जिला कारागृह में बंदियों को सक्षम विधिक सहायता एवं विधिक परामर्श उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जेल में संचालित विधिक सेवा क्लीनिक का निरीक्षण किया तथा क्लीनिक पर चीफ/असिस्टेंट एलएडीसी द्वारा संधारित रजिस्टर का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिए।

### ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम होगा शुरू, आधुनिक सुविधा से युक्त बनेगा बस स्टेंड

# स्थानीय उत्पाद कोटा डोरिया साड़ी को मिले बढ़ावा : दीया कुमारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर में इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए बजट दिया गया है। आधुनिक बस पोर्ट भी बनाए जाने और ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट को लेकर भी घोषणा की गई है। उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी राज्य का बजट पेश किया हैं। यह भजनलाल सरकार का पूर्ण बजट है। बजट में कोटा के लिए भी कई घोषणा की गई है। सिटी ट्रांसपोर्ट के लिए इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएगी। चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाऐंगे। आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड बनाया जाएगा।



### ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम होगा शुरू

नागर विमानन मंत्रालय कोटा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के कार्य को बेहद गंभीरता से ले रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और राज्य सरकार के बीच एमओयू पर काम चल रहा है और अगले महीने एमओयू पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। एएआई के अधिकारियों को तेजी से काम करते हुए एयरपोर्ट की डीपीआर जल्द से जल्द तैयार करने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से एन्वायर्नमेंट क्लीयरेंस सहित अन्य विभागों से एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया भी डीपीआर बनने के साथ ही पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। फॉरेस्ट क्लीयरेंस को लेकर राज्य सरकार की तरफ से रूपए भी मंजूर कर दिए गए हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी का लक्ष्य होगा कि निर्माण कार्य प्रारंभ होने के दो वर्ष के भीतर कार्य पूरा कर कोटा एयरपोर्ट को ऑपरेशनल कर दिया जाए। कोटा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का निर्माण होने के बाद यहां एयरबस ए-320 विमान उतर सकेंगे। एयरबस ए-320 की क्षमता 150 से 200 यात्रियों की होती है। भारत में अधिकांशत: इसी विमान का उपयोग किया जाता है। कोटा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट पर रनवे की लंबाई 3.5 किमी होगी। पहले यह लंबाई 2.8 किमी तय की गई थी। लेकिन बढ़ती गर्मी को देखते हुए विमान परिचालन की आवश्यकताओं के मद्देनजर अब इसे बढ़ाकर 3.5 किमी किया जाएगा।

### ये सब मिला है कोटा को

कोटा में कैटल फीड प्लांट की स्थापना की जाएगी। इसके लिए 25 करोड़ रूपए की लागत आएगी।स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए एक्सपोर्ट हब बनाने के लिए वन डिस्ट्रीक वन प्रोडक्ट पॉलिसी लाने की घोषणा, हर साल सौ करोड़ रुपए का भार आएगा। ऐसे उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए दो सौ करोड़ की लागत से मॉल स्थापित किया जाएगा।

### शिक्षा मंत्री ने बजट को बताया बेहतरीन और ऐतिहासिक



शिक्षा मंत्री ने कहा-बेहतरीन और ऐतिहासिक बजट है। जिस मे हमारी सरकार ने हर वर्ग के लिए कुछ ना कुछ दिया है। यानी हर वर्ग की बेहतरी का ध्यान रखा गया है। यह बजट डबल इंजन सरकार के उद्देश्य व विकसित, सशक्त राजस्थान के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें विकास के सभी पहलुओं को समाहित किया गया है। खास कर युवाओं के रोजगार पर विशेष ध्यान हमारी सरकार का है। 5 साल में 4 लाख युवाओं को रोजगार हम देने वाले है।

### कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम होगा शुरू

स्थानीय उत्पाद कोटा डोरिया को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पॉलिसी लाई जा रही है। कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का काम होगा शुरू। यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ट्रैफिक बेड़े में बढ़ोतरी होगी। अतिरिक्त ट्रैफिक वॉलंटियर लगाए जाऐंगे। क्षेत्रिय विधि विज्ञान प्रयोग शालाओं में रसायन विज्ञान खंड प्रस्तावित किए गए है।

**यातायात व्यवस्था में सुधारने पर होगा काम :** शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ट्रेफिक बेड़े में होगी बढ़ोत्तरी होगी। इसके लिए अतिरिक्त ट्रैफिक वॉलंटियर लगाए जाऐंगे। क्षेत्रिय विधि विज्ञान प्रयोग शालाओं में रसायन विज्ञान खंड प्रस्तावित किए गए है।

**हर विधानसभा में 5 नई आंगनबाड़ी खोली जाएगी :** हर विधानसभा में 5 नई आंगनबाड़ी खोली जाएगी। आदिवासी समुदाय के बच्चों के लिए 250 नई मां बाड़ी खोली जाएगी। आंगनबाड़ी के बच्चों को 3 दिन दूध दिया जाएगा। दूध पाउडर के लिए 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जिला स्तर पर कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनेंगे। 35 करोड़ खर्च होंगे।

## व्यापार नहीं हुसैन चाहिए बोहरा समाज की अनूठी पहल

बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन ( नि.स. )।** चारों तरफ मोहर्रम की शुरुआत के साथ ही एक नायाब और अनूठा या कहे तो आश्चर्यजनक कर देने वाला दाऊदी बोहरा समाज का अमल देखने में आया है । एक व्यापारी कभी भी व्यापार में नुकसान का सोच नहीं सकता चाहे छोटा व्यापारी हो या बड़ा व्यापारी किसी ना किसी तरह से व्यापार को बढ़ाने की साथ ही अपने हर सौदे में लाभ कमाने की ही सोचता है जिसके लिए दुकानों का खुलना या फेरी लगाना है, आज के जमाने में कहा जाए तो फोन पर ही लेनदेन करना अपने ग्राहक को फोन पर ही सुविधा उपलब्ध करवा देना एक अच्छे व्यापारी की निशानी भी है ऐसे में यदि कोई यह कह दे कि 2 दिन के लिए व्यापार बंद करना है यह मान लिया जाए कि दुकान बंद रखने की हड़ताल 1 दिन की किसी राजनीतिक पार्टी द्वारा करवा दी जाती है तब भी देखने में आता है कि आधा दिन निकलने के बाद लगभग सभी दुकानें खुल जाती है लेकिन दाऊदी बोहरा समाज मोहर्रम की 2 तारीख से आने वाली 10 तारीख तक अपने प्रतिष्ठानों को बंद करके एक अनूठा उदाहरण पेश कर रहा है द्य उदाहरण है एकता का, उदाहरण है अपने इष्ट के प्रति श्रद्धा का, उदाहरण है अपने धर्मगुरु के मान का सम्मान का। जब भी दाऊदी बोहरा समाज कोई अनोखा काम करता है तो उसकी चर्चा जगह-जगह होती है लेकिन आज व्यापार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए भी अपने सैयदना साहब के फरमान को माथे चढ़ा कर उनकी खुशी के लिए और मौला हुसैन के गम में शरीक होने के लिए अपने व्यापार को ताला लगा कर कुछ इस तरह से हुसैन के गम में शरीक हो रहा है जिसे देखने से ऐसा लगता है कि यह गम यह अजादारी उसी के घर में हो रही हो , और हो भी क्यों ना क्योंकि जिस मौला ने हक के लिए अपना घर बार लुटा दिया उनकी याद में उनके गम में शरीक होने का इससे अच्छा उदाहरण शायद नहीं हो सकता है । आज की भागती दौड़ती जीवन शैली में बोहरा समाज के द्वारा अपने सैयदना साहब के एक आदेश पर जिस प्रकार प्रतिष्ठानों को बंद कर मोहर्रम को सादगी के साथ मना रहा है वह अपने आप में अनूठी मिसाल है । इन 10 दिनों में बोहरा समाज की मस्जिदों में इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की अजादारी यानी गम होगा, उनकी याद में सबील लगाकर शरबत, दूध, पानी पिलाया जाएगा लेकिन इसमें भी गौर करने की बात है कि जो भी होगा समाज के दायरे में रहकर अपने इलाके में रहकर बिना किसी अन्य धर्म के लोगों को परेशान किए बगैर और शासन-प्रशासन की रीती नीतियों को मानते हुए , इस प्रकार का आयोजन एक संदेश भी देता है ही भारत की अनेकता में एकता है आपसी भाईचारे की एक दूसरे के धर्म के प्रति मान-सम्मान की ।

## राजस्थान के सर्वांगीण एवं बहुआयामी विकास को समर्पित है यह बजट : विधायक कृपलानी

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार की भजनलाल शर्मा के प्रथम कार्यकाल का यह बजट केंद्र सरकार के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के नजरिये को दृष्टिगत रख आमजनता के लिए प्रस्तुत किया यह बजट राजस्थान को समृद्ध एवं विकसित करने की आधारशिला सिद्ध होगा।

राजस्थान सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने इसे राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर आमजन के जीवन में अमृत बरसाने वाला बजट प्रस्तुत किया है। इस बजट



में राज्य के युवाओं, किसानों सहित हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को धन्यवाद देते हुए विधायक कृपलानी ने बताया कि इस बजट में निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के छोटीसादड़ी में 220 केवी जीएसएस, बम्बोरी में 132 केवी जीएसएस, कल्याणपुर से सिगरी ग्राम के मध्य कदमाली नदी पर बने काजवे के स्थान पर पुलिया निर्माण के लिए 25 करोड़ स्वीकृति, निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी क्षेत्र में जाखम परियोजना से संबंध लगभग 160 गांवों में पेयजल योजना के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। कृपलानी ने बताया कि इसके साथ ही बजट में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न एनीकटों के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण की स्वीकृति जारी की गई है।


विधायक कृपलानी ने बताया कि बजट में राज्य की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 20-20 हेंडपम्प, 10-10 ट्यूबवेल लगाने तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने के साथ ही 5-5 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा की गई है, जो स्वागत योग्य है।

## बजट पर प्रतिक्रियाए

## बजट में नजर आ रहा विकास का रोडमैप : हीरालाल नागर

### गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला शक्ति को समर्पित बजट : ऊर्जा मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने प्रदेश के बजट को गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला, वंचित को समर्पित बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा है। बजट के प्रावधान प्रदेश को आगे ले जाने वाले हैं। जिनमें प्रदेश के विकास की दूरदर्शिता और झलक दिखाई दे रही है। बजट में आगामी वर्षों के विकास का विजन और रोडमेप नजर आ रहा है। नागर ने कहा कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रा मिशन, गोपाल क्रेडिट कार्ड के तहत एक लाख तक ब्याज मुक्त चरण, लाडो प्रोत्साहन योजना, लखपति दीदी योजना किसान, मजदूर, महिला और वंचित वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने वाली योजनाएं हैं। चंबल के बांधों के लिए फ्लड मैनेजमेंट सिस्टम बनाया गया है। कुसुम योजना के तहत कृषि कनेक्शन के सोलराइजेशन के द्वारा चरणबद्ध रूप से किसानों को दिन में बिजली देने के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की गई है। एग्रीकल्चर मिशन जैविक उत्पादन के प्रमाणीकरण के लिए जिलों में यूनिट और लैब, ब्लॉक स्तर पर गोवंश से जैविक खाद उत्पादन के लिए गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, नमो ड्रोन दीदी, भामाशाह मंडी का विस्तार, पशुधन सहायकों की भर्ती, कैटल फीड प्लांट विशेष सौगात साबित होंगे।

## राजस्थान का बजट भी महिलाओं के लिए हुआ फैल साबित : राखी गौतम

कोटा/ जयपुर।



राजस्थान महिला काँग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम एवं कोटा दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी राखी गौतम ने राजस्थान की डबल इंजन सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को महिलाओं सहित हर वर्ग के लिए निराशाजनक घोषित किया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए लेखानुदान में प्रदेश के लिए विजन की बजाय पूर्व सरकार द्वारा लागू की कई योजनाओं को बंद करने के कार्य किए गए है। गौतम ने बजट की आलोचना करते हुए कहा कि लगता है दिल्ली से आई हुई पर्ची में महिलाओं के लिए किसी भी प्रकार का प्रावधान लिख कर नहीं आया । कॉंग्रेस महिला संगठन का प्रदेशाध्यक्ष होने के नाते सरकार से पूछना चाहती हूं कि महिला आपके राजस्थान का हिस्सा नहीं है क्या ? पेश किए गए बजट में महिला सुरक्षा पर कोई विचार नहीं लगता है कि महिलाओं की भागीदारी आपकी डबल इंजन की सरकार के लिए कुछ मायने नहीं रखती है । बात कोटा जिले के सन्दर्भ में की जाये तो बजट में कोटा जिले मे आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टेंड बनाने का प्रावधान प्रेषित किया गया है परंतु पूर्व सरकार में ही स्थापित नवीन बस स्टेंड सुचारू रूप से चल नहीं पा रहा इस नए बस स्टेंड की क्या जरूरत ?

## राज्य का आमबजट बेहद निराशाजनक आम गरीब जन के साथ धोखा देने वाला बजट : प्रहलाद गुंजल

कोटा (का.स.)।



भजनलाल सरकार की वित्तमंत्री दीया कुमारी द्वारा दिया गया आम बजट पर पर कांग्रेस लोकसभा के प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने अपनी प्रतिक्रिया में राज्य के आम बजट को वेहद निराशाजनक आम गरीबजन विरोधी बताते हुए कहा कि आम बजट में गरीब, बेरोजगारों, किसानों को सपने दिखाए गए है दैनिक खाने की सामग्री पर वैट भी कम नही किया तथा लाखो की नोकरी देने का चुनावो में वादा किया जो ऊंट के मुँह में जीरा जैसी स्थिति है। कोटा के लिये कोई विशेष सौगात नही दी है। गुंजल ने कहा कि पिछले 10 सालों से भाजपा कोटा में एयरपोर्ट का गाना गा रही है राजस्थान सरकार भी उसी गाने को दोहरा रही है। कुल मिलाकर आम बजट जनता के साथ छलावा देने वाला निराशाजनक बजट है।

## चित्रकला प्रशिक्षण शिविर में कपासन नगर के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नवोदय कला कुटुम्ब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समारोहपूर्वक समापन किया गया। जिसमे अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम संयोजक जसवंत बहादुर ने बताया कि स्थानीय पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला प्रशिक्षण शिविर में नगर कपासन के कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

समापन कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें लालू बहादुर,प्रतिक वाघेला,प्रांजल सालवी प्रथम एवं अविना सोनी,श्रवी बारेगामा, यादवेन्द्र बैरवा द्वितीय तथा केशव पलोड़,गौरव शर्मा,नमन शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।जिन्हे अतिथियों द्वारा समारोह में पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर शारदा बारेगामा, गोपालकृष्ण काबरा,चन्दन बाला,आयोजक मंडल के जसवंत बहादुर,गौतम रेगर,गोविंद सिंह कच्छावा,देवराज जटीया,संजय पटवा आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।


## राजस्थान सरकार का बजट एक खाली जादुई पिटारा जिसमें जनता के लिए कोई सौगात नहीं

### गत 5 वर्ष बजट में अग्रणी रहने वाला चित्तौड़गढ़ जिला एवं निंबाहेड़ा विधानसभा इस बार रहे खाली हाथ : पूर्व सहकारिता मंत्री आंजना

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को प्रदेश की उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान सरकार का बजट पेश किया, उक्त बजट प्रदेश की जनता के लिए एक खाली जादुई पिटारे जैसा साबित हुआ। बजट में प्रदेश की जनता को ना तो कोई अनुकरणीय सौगात मिली और ना ही भविष्य का कोई रोड मैप जनता को दिखाया जा सका।

पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने राजस्थान सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा अपने वित्तीय सलाहकारों से चर्चा करके तैयार



किया गया बजट पूर्णरूप से दिशाहीन एवं आधारभूत ढांचे को मजबूत न करने वाला साबित हुआ। उक्त बजट में ना तो प्रदेशवासियों को किसी तरह की कोई नवीन सौगात मिली और ना ही भविष्य की चुनौतियों से लड़ने एवं आधारभूत विकास को मजबूत करने हेतु कोई रोड मैप सरकार द्वारा दिखाया जा सका। वर्ष 2018 से 23 तक कांग्रेस सरकार द्वारा आम जनता से चर्चा कर राजस्थान का बजट तैयार किया जाता था जिससे जनता की समस्या हल करने वाली सौगाते बजट के माध्यम से प्रदेशवासियों को मिलती थी परंतु भाजपा सरकार द्वारा केवल वित्तीय सलाहकारों से चर्चा करके बजट तैयार किया गया है जो प्रदेशवासियों की उम्मीद पर खरा नहीं उतरा। उक्त बजट में उपमुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2047 की बाते की गई है परंतु वर्ष 2024-25 में प्रदेश को कैसे मजबूत किया जाएगा, किस दिशा में कार्य किया जाएगा इसको लेकर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई है जो निराशाजनक है। राज्य सरकार द्वारा अपनी सभी नाकामियों को गत कांग्रेस सरकार पर डालने का कुंसित प्रयास किया गया है जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है।

## जलोदी टीकरिया कलां में लगेगा इथेनॉल संयंत्र, मिलेगा रोजगार

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी( नि.स. )।** जिले के तालेड़ा तहसील के जलोदी टीकरिया कलां में लगेगा इथेनॉल संयंत्र, मिलेगा रोजगार। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने जलोदी में पेट्रोलियम इंधन के रूप में बायोमास इथेनॉल का संयंत्र लगाने की मंजूरी ओएसिस ग्रीनफ्यूल प्राइवेट लिमिटिड को मंजूरी दे दी है।

सरकार ने एनवायरमेंट फ्रेंडली फ्यूल के रूप में इथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए इस संयंत्र को मंजूरी दी है। संयंत्र के लगने से जहां क्षेत्र के करीब 500 लोगों को रोजगार मिलेगा वहीं कृषि क्षेत्र को भी लाभ होगा। केंद्र सरकार ने प्रदूषण को कम करने के लिए इथेनॉल के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। इस संयंत्र की मंजूरी के लिए कंपनी काफी समय से प्रयास कर रही थी। इथेनॉल को जलोदी में तैयार कर इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम ओर हिंदुस्तान पेट्रोलियम को सप्लाई किया जाएगा। कंपनी के एक्जीक्यूटिव बाबू लाल चौधरी ने बताया कि पर्यावरण में कार्बन की मात्रा कम होगी और कृषि क्षेत्र को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। इथेनॉल को राइस वेस्टेज ग्रेन, ज्वार, बाजरा ओर मक्का से तैयार किया जाएगा। सरकार ने एक लाख अस्सी हजार लीटर क्षमता के प्लांट को मंजूरी दी है।

## भारत विकास परिषद के स्थापना दिवस पर 55 विद्यार्थियों में स्कूल बैग, स्टेशनरी सामग्री का वितरण एवं पौधारोपण किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** क्षैत्र के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 55 विद्यार्थियो में स्कूल बैग,स्टेशनरी आदि सामग्री का वितरण कर भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया।

भारत विकास परिषद कपासन अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि उपखंड क्षैत्र कपासन के राजकीय प्राथमिक विद्यालय करुकड़िया एवं दोवनी खेड़ा मे अध्ययनरत 55 विद्यार्थियो में भारत विकास परिषद कपासन द्वारा बुधवार को स्कूल बैग,स्टेशनरी,जूते-मोजे आदि सामग्री का वितरण कर भारत विकास परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया ।साथ ही परिषद द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर भाविप प्रांतीय उपाध्यक्ष बादशाह सिंह,सचिव नन्दलाल बोहरा,कोषाध्यक्ष रमेशचंद्र विजयवर्गीय,महेंद्रमोहन दाधीच,गोपाललाल सुथार, भगवतीलाल सोमानी,लक्ष्मीलाल सोनी,रतनलाल आचार्य,सरपंच विष्णुशंकर हेड़ा,उपसरपंच भगवानलाल जोशी,पंचायत समिति कपासन

पूर्व उपप्रधान दुर्गाशंकर तिवाड़ी,संस्था प्रधान अमित चौधरी,वीणा भांड आदि परिषद सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान सरकार के बजट को भाजपा पदाधिकारियों ने विकासोन्मुखी बताकर क्षेत्रीय विधायक जीनगर का आभार जताया

### विधानसभा क्षेत्र कपासन में 326 करोड़ के विभिन्न विकास कार्य होंगे

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल सरकार की ओर से वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा बुधवार को प्रस्तुत किए गये बजट को भाजपा पदाधिकारियों द्वारा क्षेत्र हेतु विकासोन्नमुखी बताया है। भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष पंकज सिरोया,नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी,ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा कपासन पार्षद नंदकिशोर टेलर आदि भाजपा पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान में बताया कि क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2024-25 के संशोधित बजट में कपासन विधानसभा क्षेत्र में 326 करोड़ के विभिन्न विकास कार्य होंगे।भाजपा मण्डल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय,पूर्व नपा अध्यक्ष गजेन्द्र बाघमार ने बताया कि मातृकुण्डिया डेम से डिण्डोली फिडर निर्माण हेतु 65 करोड़ तथा धमाना-भूपालसागर-जाशमा फिडर के जीर्णोद्धार हेतु 25 करोड़, कांकरवा से भादसोड़ा, रोलिया से रेलमंगरा, ईंटाली से भादसोड़ा सड़क के लिये 60 करोड़,बाबरिया खेड़ा डिण्डोली-राशमी-पहुंना सडक हेतु 60 करोड़, कांकरवा से भादसोडा, रोलिया से रेलमंगरा व ईंटाली से भादसोड़ा तक सड़क के लिये 60 करोड़ ,राशमी में महाविद्यालय तथा कपासन उप जिला चिकित्सालय के भवन निर्माण हेतु बजट का प्रावधान किया गया है। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष ऐजाज अली, किसान मोर्चा अध्यक्ष शम्भुलाल बागड़ा,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया,एससी मोर्चा अध्यक्ष अरूण कोदली, महामंत्री सोहनलाल खटीक, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय सोनी, वन्दना सोनी,वन्दना दाधीच, मुकेश पलोड, गोपाल पुर्बिया, मेहबुब शाह, हीरालाल शर्मा, खुशबुलता टेलर,पुष्पा वैष्णव, लता वैष्णव आदि ने बजट को सभी वर्गों के उत्थान एवं विकास का द्योतक बताया तथा इसके लिये विधायक अर्जुनलाल जीनगर के प्रति आभार व्यक्त किया।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# 7 राज्यों में उपचुनाव, 13 विधानसभा सीटों पर 63.23% वोटिंग

## बिहार में ग्रामीणों से झड़प में एसएचओ का सिर फटा, बंगाल में भाजपा-टीएमसी समर्थक भिड़े

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद बुधवार (10 जुलाई) को 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए। वोटिंग सुबह 7 बजे शुरू हुई, जो शाम 6 बजे तक चली। छिटपुट घटनाओं के अलावा कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण रहा। नतीजे 13 जुलाई को आएंगे। पश्चिम बंगाल के उत्तरी दिनाजपुर में भाजपा-टीमएसी समर्थक बूथ पर गड़बड़ी का आरोप लगाकर एक-दूसरे से भिड़ गए। पुलिस ने मामला शांत कराया। केंद्रीय मंत्री सुकांत मजुमदार ने आरोप लगाया कि टीएमसी के गुंडे चौराहे पर खड़े होकर वोटिंग करने जा रहे लोगों को रोक रहे हैं।

उत्तराखंड की मंगलौर सीट पर झड़प के बाद पुलिस बल तैनात करना पड़ा। बिहार में पूर्णिया की रुपौली सीट पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई। पुलिस की माने तो बूथ के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने हटने को कहा तो बहस शुरू हो गई। इसके बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। एक एसएचओ और सिपाही घायल हो गए।

**13 सीटों में भाजपा के पास 3, कांग्रेस 2 और अन्य के पास 8 सीटें**-पश्चिम बंगाल में सबसे ज्यादा 4 सीटों- रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला पर उपचुनाव हो रहे हैं। उत्तराखंड में बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब में जालंधर पश्चिम सीट के लिए वोटिंग हुई। हिमाचल में देहरा, हमीरपुर और नालागढ़, बिहार में रूपौली, तमिलनाडु में विक्रवंडी, मध्य प्रदेश में अमरवाड़ा सीट पर उपचुनाव के लिए वोट डाले गए। इन 13 सीटों में से बंगाल की 3 सीटें पिछली बार भाजपा ने जीती थी। अन्य 10 में से कांग्रेस ने 2, अन्य पार्टियों ने 8 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 10 सीटें विधायकों के इस्तीफे और 3 सीट मौजूदा विधायक के निधन की वजह से खाली हुई थीं।

# मुंबई हिट-एंड-रन के आरोपी को मां-बहनों ने छिपाया था : दोस्त की मोबाइल लोकेशन से पकड़ा गया; एक्सीडेंट के बाद गर्लफ्रेंड के घर गया था

**मुंबई।** मुंबई हिट-एंड-रन केस के आरोपी और शिवसेना नेता राजेश शाह के बेटे मिहिर शाह को पुलिस ने मंगलवार (9 जुलाई) को गिरफ्तार कर लिया। घटना के तीसरे दिन, करीब 60 घंटे बाद पुलिस उसे पकड़ने में कामयाब हुई। मिहिर रविवार (7 जुलाई) को बीएमडब्ल्यू से कावेरी नखवा नाम की महिला को कुचलने के बाद से फरार था। सूत्रों ने बताया कि एक्सीडेंट के बाद मिहिर ने सबसे पहले अपने पिता को फोन किया। उन्होंने ही उसे भागने के लिए कहा था। इसके बाद मिहिर बीएमडब्ल्यू कार और ड्राइवर को बांद्रा के कला नगर के पास छोड़कर रिक्शा से गोरेगांव में अपनी गर्लफ्रेंड के घर गया। गर्लफ्रेंड ने मिहिर की बहन को फोन पर घटना की जानकारी दी। इसके बाद मिहिर की बहन उसकी गर्लफ्रेंड के घर आई और भाई को लेकर बोरीवली स्थित अपने घर चली गई। वहां से राजेश शाह की पत्नी मीना और दोनों बेटियां (पूजा और किंजल) मिहिर शाह और उसके दोस्त अवदीप को लेकर मुंबई से करीब 70 किमी दूर शाहपुर में एक रिजॉर्ट के लिए रवाना हुए।

### पुलिस ने दोस्त का मोबाइल ट्रैक कर मिहिर को पकड़ा

इधर, पुलिस मिहिर शाह, उसके परिवार, गर्लफ्रेंड और करीबी दोस्तों के फोन लगातार ट्रैक कर रही थी। हालांकि, सबके फोन स्विच ऑफ थे। इसी बीच सोमवार (8 जुलाई) की रात मिहिर अपने दोस्त के साथ विरार आया। विरार में उसके दोस्त का घर है। मंगलवार (9 जुलाई) की सुबह उसके दोस्त ने 15 मिनट के लिए अपना फोन चालू किया। इसी बीच पुलिस को उसकी लोकेशन मिल गई और मिहिर शाह गिरफ्तार हो गया। इसके बाद पुलिस ने रिजॉर्ट से उसकी मां और बहनों को भी हिरासत में लिया।

# तलाकशुदा मुस्लिम महिला पति से गुजारा भत्ता लेने की हकदार

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- वह सीआरपीसी के सेक्शन 125 के तहत दावा कर सकती है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (10 जुलाई) को कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत अपने पति से भरण-पोषण की हकदार है। इसके लिए वह याचिका दायर कर सकती है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने एक मुस्लिम युवक की याचिका को खारिज करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 धर्मनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा- हम इस निष्कर्ष के साथ अपील खारिज कर रहे हैं कि सीआरपीसी की धारा 125 सभी महिलाओं पर लागू होगी, न कि केवल विवाहित महिलाओं पर। बेंच ने पूछा कि क्या याचिकाकर्ता ने इद्दत अवधि के दौरान पत्नी को कुछ भुगतान किया था? इस पर याचिकाकर्ता ने कहा- 15 हजार रुपए का ड्राफ्ट ऑफर किया था, लेकिन पत्नी ने नहीं लिया। तलाक के बाद इद्दत वह अवधि होती है, जब पत्नी को किसी से शादी करने या किसी के साथ रिश्ते बनाने की इजाजत नहीं होती।

# जयपुर में टमाटर पहुंचे 100 रुपए के पार बारिश से कम आवक ने बढ़ाए दाम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बारिश का मौसम शुरू होते ही सब्जियों ने गृहणियों का बजट बिगाड़ दिया है। जयपुर सहित मुख्य शहरों में टमाटर के दाम खुदरा में 100 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। हालांकि कुछ शहरों में इसकी कीमत 80 से 100 रुपए के आसपास भी है। जो 15 दिन पहले तक 30 से 35 रुपए किलो बिक रहा था। बता दें कि महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भीषण गर्मी की वजह से टमाटर की आपूर्ति और उत्पादन में रुकावट आई है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण रोड डैमेज हुए हैं, जिससे सप्लाई बाधित हुई है। सब्जी के दाम अचानक सातवें असमान पर पहुंच गए हैं। इसकी वजह से आम आदमी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सब्जियों में केवल टमाटर ही सौ के हिसाब से नहीं बेचा जा रहा है। शहर में धनिया, अदरक, गवार फली, शिमला मिर्च और भिंडी की कीमतों में उछाल जारी है। इससे हरी सब्जियों ने इस बार महंगाई के कई रिकॉर्ड बनाएगी।

# उत्तर प्रदेश के उन्नाव में सड़क हादसा, 18 लोगो की मौत

## सड़क पर बिखरी लाशें देखकर पुलिसकर्मी बेहोश; बिहार से दिल्ली जा रही बस टैंकर से टकराई



बढ़ता राजस्थान

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बुधवार सुबह 5.15 बजे डबल डेकर बस और टैंकर की टक्कर हो गई। हादसे में बस सवार 18 यात्रियों की मौत हो गई। 19 घायल हैं। मृतकों में 14 पुरुष, 2 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। बस बिहार के सीवान से दिल्ली जा रही थी। हादसा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ कोतवाली के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस की ड्राइवर साइड की बॉडी पूरी तरह अलग हो गई। यात्री बाहर गिर गए। उनकी वहीं मौत हो गई। हादसे के वीडियो सामने आए हैं। इनमें दिख रहा है कि सड़क पर लाशें बिखरी पड़ी हैं। लाशों को देखकर एक पुलिसकर्मी बेहोश हो गया। पुलिस ने बताया कि दूध के टैंकर को ओवरटेक करने के दौरान बस बेकाबू होकर टैंकर को टक्कर मारते हुई पलट गई। डीएम गौरांग राठी ने बताया बस में 57 यात्री सवार थे। करीब 20 यात्री सुरक्षित हैं। 18 मृतकों में अभी 16 की शिनाख्त नहीं हुई हैं। 19 घायलों का उन्नाव जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। 5 गंभीर घायलों को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।

**बस का कागजों में दर्ज पता फर्जी, एफआईआर होगी :** पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि बस का कागजों में दर्ज महोबा का पता फर्जी है। दिल्ली का रहने वाला चंदन जायसवाल पहाड़गंज से बसों को संचालित कर रहा था। जांच में बस का परमिट और बीमा भी नहीं मिला। बांगरमऊ सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि बिहार के शिवहर जिले से नमस्ते बिहार नामक बस चलती है। 22 सुरक्षित लोगों को अन्य बस से रवाना किया जा रहा है। डीएम ने मामले पर संज्ञान लेते हुए आरटीओ को मामले में एफआईआर के निर्देश दिए हैं। उन्नाव सीएमओ सत्यप्रकाश ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के लिए लखनऊ बलरामपुर से 5 डॉक्टरों की टीम आई है। एक घायल को कानपुर रेफर किया गया। जबकि 5 घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है।

### ऐसा लगा भूकंप आ गया..

बस में सवार यात्री मोहम्मद उर्स ने बताया- मैं बिहार के शिवहर का रहने वाला हूं। हादसे के वक्त सो रहा था, तभी जोरदार आवाज हुई। ऐसा लगा भूकंप आ गया। मैं बस की दूसरी साइड बैठा था। बाल-बाल बच गया। मेरे हाथ में चोट आई है। एक अन्य घायल प्रदीप ने बताया कि हम सो रहे थे। कुछ समझ नहीं पाए। जब आंख खुली तो सब सड़क पर पड़े थे। टक्कर बहुत भीषण थी। हम लोग दूसरी तरफ बैठे थे, इसलिए बच गए।

### रास्ते में दो जगह रोकी बस हमारे 6 लोगों का पता नहीं

बस हादसे में दिलशाद, साहिल दोनों सगे भाई भी घायल हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे बस बिहार के शिवहर से माता-पिता भाई-बहन समेत परिवार के 8 लोगों के साथ बस से रवाना हुए थे। बस चालक ने रास्ते में दो जगह पर बस को रोका। वह लगातार बस दौड़ाता जा रहा था। हमारे परिवार के 6 लोगों का कुछ पता नहीं चल सका है। घायल हैं या मर गए। कोई सही जानकारी नहीं दे रहा है।

### प्रत्यक्षदर्शी बोला- 10 लोग तो बीच सड़क पर मरे पड़े थे

हादसे के प्रत्यक्षदर्शी नरेश कुमार ने बताया- मैं खेतों की ओर जा रहा था, तभी तेज आवाज सुनाई दी। देखा तो बस और टैंकर की टक्कर हो गई। लोग बचाओ-बचाओ चिल्ला रहे थे। हादसे को देखते ही मेरी रूह कांप गई। 10 लोग तो बीच सड़क पर मरे पड़े थे। थोड़ी देर में वहां 50-60 लोग पहुंच गए। कुछ समझ ही नहीं आ रहा था कि क्या किया जाए। लाशें सड़क पर बिखरी थी, कुछ लोग तड़प रहे थे। पुलिस आई तो उनको अस्पताल भेजा गया।

### हादसे में घायल युवक ने कहा- सड़क पर लाशें ही लाशें बिखर गईं




बस हादसे में घायल यात्री शिवम ने बताया- हादसे के वक्त बस में सभी सो रहे थे। बस की स्पीड काफी तेज थी। हम लोगों ने कई बार ड्राइवर से कहा भी था कि बस धीरे चलाइए, लेकिन वह नहीं माना। फिर अचानक बहुत तेज आवाज आई। मैं हड़बड़ा गया। देखा तो बस के शीशे टूट गए थे। लोग बाहर सड़क पर पड़े थे। हम लोग पीछे बैठे थे, इसलिए बच गए। बस सड़क पर पलट गई। हादसा इतना भयानक की था कि सड़क पर लाशें ही लाशें दिख रही थीं।

# जमानत रद्द करना न्याय की विफलता के समान : सीएम केजरीवाल

## हाईकोर्ट में दाखिल जवाब में कहा- परेशान और अपमानित करने के लिए गिरफ्तारी हुई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार (10 जुलाई) को हाईकोर्ट में दाखिल जवाब में कहा- मेरी जमानत रद्द करना न्याय की विफलता के समान है। मैं विच हंट का शिकार हुआ हूं। दरअसल, जानबूझकर किसी व्यक्ति को परेशान करना विच हंट का शिकार होना कहलाता है। यह राजनीतिक विरोधी भी हो सकता है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में केजरीवाल ने कहा- ईडी कस्टडी के दौरान जांच अधिकारी ने कोई खास इन्टेरोगेशन (पूछताछ) नहीं किया। एक राजनीतिक विरोधी को परेशान और अपमानित करने के लिए अवैध रूप से गिरफ्तारी की गई है। मामले को लेकर जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की बेंच ने अब ईडी से जवाब दाखिल करने को कहा है। केस की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी। केजरीवाल पर ईडी के अलावा सीबीआई का केस भी चल रहा है। शराब नीति में भ्रष्टाचार को लेकर सीबीआई ने उन्हें 26 जून को



गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को शराब नीति में मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 20 जून को ट्रायल कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई थी। इसके खिलाफ ईडी ने हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट ने 25 जून को ट्रायल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी।

केजरीवाल ने कहा कि ईडी की दलीलें कानून के हिसाब से ठीक नहीं थीं। ईडी की दलीलें असंवेदनशीलता के रवैये को दर्शाती हैं। पीएमएलए की धारा 3 के तहत मेरे खिलाफ कोई केस नहीं बनता है।

# जयपुर में तेज बरसात, कई इलाकों में पानी भरा

## राजस्थान में 18 जिलों में बारिश का अलर्ट, 6 जिलों में तेज बरसात की संभावना

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान के 18 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इनमें से 6 जिलों में तेज बारिश की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून की ट्रफ लाइन अभी दक्षिण राजस्थान के उदयपुर संभाग से होकर गुजर रही है, जिसके कारण उदयपुर, कोटा, अजमेर संभाग के जिलों में बारिश का दौर जारी है। राजधानी जयपुर सुबह से दोपहर तक उमस भरी गर्मी रही। दोपहर बाद मौसम बदला और करीब 3.15 बजे तेज बारिश हुई। 20 मिनट तक हुई बारिश के बाद जगह-जगह पानी भर गया। कलेक्ट्रेट पर पानी भरने से लोग परेशान होते दिखे।

इससे पहले मंगलवार को राजस्थान में बारिश कम होने के बाद एक बार फिर तापमान बढ़ गया। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, फलोदी, जैसलमेर, पिलानी में कल दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर, भीलवाड़ा, भरतपुर, दौसा समेत अन्य जिलों में बारिश हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान दौसा के भांडारेज में 55 एमएम, राहुवास में 36, बाड़मेर के गरडा रोड पर 50, राजसमंद के देलवाड़ा में 72, भरतपुर के सीकरी डेम पर 50 और कामां में 34 एमएम बरसात हुई। इनके अलावा चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, ब्यावर, नीमकाथाना, पाली, डूंगरपुर, धौलपुर और सवाई माधोपुर समेत अन्य कई जिलों में भी बारिश हुई।

**6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा तापमान**-पश्चिमी राजस्थान में बारिश का दौर कम होने गर्मी फिर से तेज हो गई। कल सबसे ज्यादा गर्मी जैसलमेर में रही, जहां अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके अलावा पिलानी में 40.7 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 40.4, फलोदी में 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वही सीकर के फतेहपुर में 39.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# सीबीआई जांच के लिए राज्य सरकार की सहमति जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

## पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका को सही कहा, 13 अगस्त को अगली सुनवाई

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में सीबीआई जांच के खिलाफ ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 1 मई को याचिका लगाई थी। कोर्ट ने 8 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। 10 जुलाई को कोर्ट ने याचिका को सुनवाई योग्य माना। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने केंद्र सरकार की उस दलील को खारिज कर दिया कि, यह अर्जी सुनवाई योग्य नहीं है। कोर्ट ने कहा- बंगाल सरकार ने कानूनी पहलू उठाया है जिस पर विचार किया जाना चाहिए। कोर्ट इस मामले पर 13 अगस्त को अगली सुनवाई करेगा। इसके साथ ही बेंच ने कहा कि, जब राज्य सरकार ने सीबीआई जांच के लिए दी गई अपनी परमीशन को वापस ले लिया तो फिर एजेंसी वहां के मामलों में केस क्यों दर्ज कर रही है।

बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में संविधान के आर्टिकल 131 का हवाला देते हुए याचिका दाखिल की है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र का जिक्र है। इसके मुताबिक केंद्र और राज्यों के बीच के मामलों की सुनवाई सिर्फ सुप्रीम कोर्ट में की जाती है। पश्चिम बंगाल और केंद्र के बीच ताजा विवाद संदेशखाली केस के बाद शुरु हुआ। ईडी ने 5 जनवरी को बंगाल के संदेशखाली में टीएमसी नेता शेख शाहजहां के घर छापा मारा था। इस दौरान अधिकारियों पर पर भ्रष्ट समर्थकों ने जानलेवा हमला किया था। इसमें तीन अधिकारी घायल हो गए थे। बाद में सामने आया कि शाहजहां ने कई महिलाओं से यौन उत्पीड़न किया है। केंद्र ने सीबीआई जांच की सिफारिश की, चूंकि राज्य सरकार की परमीशन नहीं थी।

# रोडवेज की एसी बसों का सफर हुआ महंगा, जयपुर से दिल्ली जाने पर 28 रुपए तक ज्यादा देने होंगे

**जयपुर।** राज्य की भजनलाल सरकार ने बजट से एक दिन पहले राजस्थान रोडवेज की वातानुकूलित (एसी) बसों के किराए में बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद अब जयपुर से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को एसी बस में 28 रुपए तक किराया ज्यादा देना होगा। किराया प्रति किलोमीटर 10 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। राजस्थान रोडवेज के कार्यकारी निदेशक (यातायात) की ओर से जारी आदेशों के मुताबिक वर्तमान में एक यात्री का किराया 1.55 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से किराया था, जिसे बढ़ाकर अब 1.65 रुपए प्रति किलोमीटर की दर से किराया निर्धारित किया गया है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
[M] +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
[M] +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )